संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-98 गुरूवार, 08 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# आरक्षण का लाभ मिल चुका है तो वो जाति वर्ग आरक्षण के लाभ से बाहर आए:सुप्रीमकोर्ट

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पिछड़ी जातियों में जो लोग आरक्षण के हकदार थे और इससे लाभान्वित भी हो चुके हैं, उन्हें अब आरक्षित कैटेगरी से बाहर निकालना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि उन्हें अधिक पिछड़ों के लिए रास्ता बनाना चाहिए।



### फैसले की वैधता की समीक्षा करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट के 7 जजों की संविधान पीठ ने 'इस कानूनी सवाल की समीक्षा शुरू कर दी है कि क्या राज्य सरकार को शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है?' संविधान पीठ ने सुनवाई के पहले दिन कहा कि वह 2004 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की वैधता की समीक्षा करेगा, जिसमें कहा गया था कि राज्यों के पास आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आगे उप-वर्गीकृत करने का अधिकार नहीं है।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले जनरल से मुकाबला करें

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की दलीलों का सारांश देते हुए कहा, ÷इन जातियों को बाहर क्यों नहीं निकालना चाहिए? आपके अनुसार एक विशेष वर्ग में कुछ उपजातियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वे उस श्रेणी में आगे हैं। उन्हें उससे बाहर आकर जनरल से मुकाबला करना चाहिए। वहां क्यों रहें? जो पिछड़े में अभी भी पिछड़े हैं, उन्हें आरक्षण मिलने दो। एक बार जब आप आरक्षण की अवधारणा को प्राप्त कर लेते हैं, तो आपको उस आरक्षण से बाहर निकल जाना चाहिए।÷ महाधिवक्ता ने कहा, ÷यही उद्देश्य है। यदि वह लक्ष्य प्राप्त हो जाता है तो जिस उद्देश्य के लिए यह अभ्यास किया गया था वह समाप्त हो जाना चाहिए।÷

संविधान पीठ की अगुवाई कर रहे मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ सुनवाई के दौरान यह साफ कर दिया कि वह सिर्फ मात्रात्मक डेटा से संबंधित तर्कों में नहीं पड़ेगी जिसके चलते पंजाब सरकार को कोटा के अंदर 50 फीसदी कोटा प्रदान करना पड़ा। संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति बीआर गवई, विक्रम नाथ, बेला एम त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र मिश्रा भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट उन 23 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 2010 के फैसले को चुनौती दे दी गई है। इसमें पंजाब सरकार की मुख्य अपील भी शामिल है।

### संविधान पीठ इस सवाल की जांच कर रही

सुप्रीम कोर्ट के 7 जजों की संविधान पीठ अब इस सवाल की जांच कर रही है कि क्या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की तरह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के अंदर उप-वर्गीकरण की अनुमति दी जानी चाहिए और क्या राज्य विधानसभाएं इस अभ्यास को करने के लिए राज्यों को सशक्त बनाने वाले कानून पेश करने में सक्षम हैं। इससे पहले, पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने अपनी बहस की शुरुआत करते हुए कहा कि कानूनी प्रावधानों और दो जातियों के लिए विशेष प्रावधान बनाने के कारणों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'जाति व्यवस्था और भेदभाव के चलते समाज में गहरे विभाजन हुए और कुछ जातियां हाशिए पर चली गई हैं और निराशा की स्थिति में आ गई हैं। जो लोग हाशिए पर चले गए हैं, उनके पास पिछड़ापन आ गया है।

### पिछड़ों में से सबसे पिछड़ों को सबसे आगे लाना उद्देश्य

आगे बढ़ना उन लोगों का अधिकार है, जिनके पास यह है और हमें पिछड़ेपन पर ध्यान देने की जरूरत है जो सामाजिक,आर्थिक,शैक्षणिक आदि हो सकता है।'
पंजाब सरकार की ओर से उन्होंने कहा कि 2006 के कानून में आरक्षण 50 प्रतिशत तक सीमित था और इसे तरजीही आधार पर लागू किया गया था और यह किसी भी मानक द्वारा बहिष्करण का कार्य नहीं था और इसका उद्देश्य पिछड़ों में से सबसे पिछड़ों को सबसे आगे लाना था।
मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने सुनवाई के दौरान दो कानूनी सवालों की पहचान करते हुए कहा कि 'इस पर पंजाब सरकार को ध्यान देना चाहिए। पहला, यह कि क्या वास्तविक समानता की धारणा राज्य को आरक्षण का लाभ देने के लिए पिछड़े वर्गों के भीतर व्यक्तियों के अपेक्षाकृत पिछड़े वर्ग की पहचान करने की अनुमति देती है। दूसरा, यह कि क्या संघीय ढांचा, जहां संसद ने पूरे देश के लिए जातियों और जनजातियों को नामित किया है, यह राज्यों पर छोड़ देता है कि वे अपने क्षेत्र के भीतर अपेक्षाकृत हाशिए पर रहने वाले समुदायों को कल्याणकारी लाभ के लिए नामित करें।'




## ईडी मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। ईडी ने पेश न होने पर कोर्ट में अर्जी दी थी। जिस पर कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को समन भेजा गया। जिसमें 17 फरवरी को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है।

### 29 को खुद हाजिर हों

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 29 फरवरी को राऊज ऐवेन्यू कोर्ट में पेश होना होगा। 6 साल पुराने आपराधिक मानहानि केस में केजरीवाल को पेशी का यह आदेश दिया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख को बुधवार को ही पेश होना था। हालांकि, उनके वकील ने बजट में व्यस्तता की वजह से मुख्यमंत्री के लिए व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग की। अदालत ने केजरीवाल के वकील की प्रार्थना को स्वीकार किया और 29 फरवरी को हाजिर होने को कहा।मामला यूट्यूबर ध्रुव राठी का एक विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने से जुड़ा है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने संजय सिंह की नियमित जमानत याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। दिल्ली हाई कोर्ट में बहस के दौरान ईडी ने संजय सिंह की जमानत का यह कहते हुए विरोध किया कि आप के राज्यसभा सांसद ने ही इस कथित अपराध से हुई काली कमाई को सफेद करने के लिए कंपनी बनाई थी। यह काला धन दिल्ली की विवादास्पद आबकारी नीति के जरिए हुए कारोबार से आया था।



आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में अदालत से झटका मिला है। दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।
संजय सिंह को इसी विवादित आबकारी शुल्क नीति की आड़ में हुए घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। ईडी के वकील ने अदालत में कहा कि संजय सिंह 2021-22 में आई दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित घोटाले से हुई अपराध की आय को रखने, छिपाने, उपयोग करने और लेने-देने में शामिल रहे हैं।
संजय सिंह पर ईडी ने कोर्ट में क्या आरोप लगाए हैं?
ईडी ने कहा कि जांच से पता चला है कि संजय सिंह को इस कथित अपराध से 2 करोड़ रुपये मिले हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि संजय सिंह के पास इस मामले की जांच से संबंधित कुछ गोपनीय दस्तावेज हैं, जो सार्वजनिक डोमेन में नहीं हैं। उसके मुताबिक, '4 अक्टूबर, 2023 को ,क्र के राज्यसभा सांसद के परिसरों पर की गई तलाशी के दौरान, कुछ गोपनीय दस्तावेज मिले।

## संक्षिप्त खबरें

### जो अच्छा काम करता है उसे नहीं मिलता सम्मान:गडकरी



**नई दिल्ली,07 फरवरी 2024(ए)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अवसरवादी नेताओं के सत्ताधारी दल से जुड़े रहने की इच्छा पर चिंता जताई है। गडकरी ने कहा कि नेताओं की विचारधारा में इस तरह की गिरावट लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। इतना ही नहीं गडकरी ने यह भी कहा कि जो अच्छा काम करता है उसे कभी सम्मान नहीं मिलता और जो बुरा काम करता है उसे कभी सजा नहीं मिलती।केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में उक्त बातें कही।

### कांग्रेस के लिए 40 सीटें बचाना भी मुश्किल

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2024(ए)।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ बड़े मजाकिया



अंदाज में निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खड़गे ने 400 सीटों का आशीर्वाद दिया। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 सीटें बचा पाएं।

## न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना व्यावहारिक नहीं

### संसदीय समिति की सिफारिशों पर केंद्र का जवाब

**नई दिल्ली,07 फरवरी 2024(ए)।** बुधवार को सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक होने की संभावना नहीं है। इससे संसद के अधिकारों में और कटौती होगी तथा इसके परिणामस्वरूप अनुचित पक्षपात भी हो सकता है।



### कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश

विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल अगस्त में न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार विषय पर अपनी रिपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के न्यायाधीशों का कार्यकाल मौजूदा सेवानिवृत्ति आयु से बढ़ाने के लिए कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी।

### कामकाज का पुनःआकलन

संवैधानिक प्रविधानों के अनुसार, इस समय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं, वहीं 25 हाई कोर्टों के जज 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा कि न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाते समय उनकी स्वास्थ्य स्थिति, फैसलों की गुणवत्ता और दिए गए फैसलों की संख्या के आधार पर उनके कामकाज का पुन- आकलन किया जा सकता है।

### कलेजियम द्वारा मूल्यांकन की अलग प्रणाली बन सकती है

समिति ने कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के कलेजियम द्वारा मूल्यांकन की एक प्रणाली बनाई जा सकती है। सिफारिशों पर अपने जवाब में सरकार ने कहा कि कामकाज के मूल्यांकन को सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने के मुद्दे से जोड़ना व्यावहारिक नहीं हो सकता और इससे वास्तव में अपेक्षित परिणाम नहीं आ सकते।

## झारखंड केबिनेट प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह स्थगित

**झारखंड ,07 फरवरी 2024(ए)।** झारखंड में हेमंत सोरेन के इस्तीफे से पैदा हुआ सियासी संकट खत्म हो गया है। चंपई सोरेन ने राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। मगर आज कैबिनेट के प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित कर दिया गया है।




वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के 35 विधायकों को हैदराबाद भेजा जाएगा। ऐसा संभावित खरीद-फरोख्त को रोकने के लिए किया गया है। जानकारी के अनुसार, बहमत साहित करने में 10 दिन का समय है ऐसे में विधायक टूट सकते हैं। ऐसी स्थिति से बचने और सभी को एकजुट रखने के लिए विधायकों को तेलंगाना शिफ्ट किया गया है।
चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिया। अपने गुरू का आशीर्वाद लेने के बाद चंपई ने कहा, 'मैं शपथ लेने से पहले अपने गुरुजी (शिबू सोरेन) से आशीर्वाद लेने आया था। मैं झारखंड आदोंलन के दौरान उनसे जुड़ा। वह हमारे आदर्श हैं इसलिए मैं उनका आशीर्वाद लेने आया था। हम जल्द ही (बहुमत) साबित करेंगे।'

## 191 बच्चों की हत्या करने वाला साइको किलर गिरफ्तार



**नैरोबी ,07 फरवरी 2024 (ए)।** केन्याई पंथ नेता पॉल मैकेंज़ी और 29 सहयोगियों पर मंगलवार को 191 बच्चों की हत्या का आरोप लगाया गया, जिनके शव जंगल में दफनाए गए बच्चों की तुलना में दोगुनी संख्या में पाए गए थे। सभी प्रतिवादियों ने तटीय शहर मालिंदी की एक अदालत के समक्ष लाए गए आरोपों से इनकार किया। एक संदिग्ध को मुकदमा चलाने के लिए मानसिक रूप से अयोग्य पाया गया।
अभियोजकों का कहना है कि मैकेंज़ी ने अपने अनुयायियों को खुद को और अपने बच्चों को भूखा रखकर मारने का आदेश दिया ताकि वे दुनिया खत्म होने से पहले स्वर्ग जा सकें, जो हाल के इतिहास में दुनिया की सबसे खराब पंथ-संबंधी आपदाओं में से एक है। उनके गुड न्यूज़ इंटरनेशनल चर्च के अनुयायी शाकाहोला जंगल के भीतर 800 एकड़ क्षेत्र में कई एकांत बस्तियों में रहते थे। अंततः 400 से अधिक शव निकाले गए। मैकेंज़ी को पिछले अप्रैल में गिरफ़्तार किया गया था।

## तत्कालीन पीएससी चेयरमैन टामन सोनवानी समेत कई नेताओं के खिलाफ एफआईआर

### मामला पीएससी भर्ती में गड़बड़ी का




**रायपुर,07 फरवरी 2024 (ए)।** तत्कालीन पीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी समेत कुछ नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है. जीवन किशोर ध्रुव के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ में पीएससी भर्ती गड़बड़ी मामले में ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि 11 मई 2023 को सीजी पीएससी 2021 का फाइनल रिजल्ट जारी हुआ था. इसमें 171 पदों पर पीएससी ने भर्ती की थी, जिसमें 15 लोगों का चयन डिप्टी कलेक्टर के लिए हुआ था। बीजेपी ने आरोप लगाया था कि मेरिट लिस्ट में पीएससी चेयरमैन के रिश्तेदारों और कांग्रेस पार्टी के नेताओं के करीबियों को जगह मिली है। इन आरोपों के बाद लोक सेवा आयोग आरोपों के घेरे में थी और बीजेपी के नेता ननकी राम कंवर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी. इसके बाद कोर्ट ने 18 लोगों की नियुक्ति को रोकने के आदेश दिए थे। वहीं राज्य सरकार इस मामले की सीबीआई जांच कराने का फैसला ले चुकी है.

## टोस्ट कम मिलने से नाराज हुई छात्रा ने की आत्महत्या

### परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

**नोएडा,07 फरवरी 2024(ए)।** सुबह के नाश्ते में 18 साल की लड़की को टोस्ट कम मिला तो उसने आत्महत्या कर ली। हैरान कर देने वाली यह घटना नोएडा की है। नोएडा के थाना फेस-दो क्षेत्र के भंगेल गांव में रहने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा ने कथित तौर पर नाश्ते में टोस्ट कम मिलने पर नाराज होकर बुधवार सुबह आत्महत्या कर ली। थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि भंगेल गांव में रहने वाली कुमारी पूजा (18) ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है की मृतका की मां ने उसे सुबह चाय और टोस्ट खाने के लिए दिया था। उसे टोस्ट थोड़ा कम मिला था। उन्होंने बताया कि इस बात से नाराज छात्रा ने आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पूजा शर्मा ने फंदे से लटक कर जान दी है। फंदे से लटकी लड़की को अस्पताल ले जाया गया था। लेकिन छात्रा ने उससे पहले ही दम तोड़ दिया था। पूजा के पिता राजीव शर्मा बताया जा रहा है। राजीव शर्मा की दो बेटियां हैं। पूजा घर की बड़ी बेटी थी। बड़ी बेटी की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस के मुताबिक, लड़की के परिजनों ने बताया कि मां ने छोटी बहन को एक टोस्ट ज्यादा दिया था। इसी बात को लेकर पूजा नाराज हो गई थी। इसके बाद पूजा ने अपनी मां से झगड़ा भी किया था। बाद में जब पूजा की छोटी बहन नहाने चली गई तब पूजा ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना के वक्त पूजा की मां घर से बाहर चली गई थी। पूजा ने कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि परिवार मूल रूप से गुलरिया गांव का रहने वाला है। भंगोल गांव में यह परिवार किराये के मकान में रहता था। आत्महत्या की घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

## मामले में ऐसी कार्रवाई होगी कि लोग याद रखेंगे:सीएम डॉ.मोहन यादव




**हरदा,07 फरवरी 2024 (ए)।** मध्यप्रदेश के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट के करीब 26 घंटे बाद रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है। नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर ने बताया कि इस हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। करीब 184 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 217 लोग घायल हो गए, इनमें फैक्ट्री के 51 मजदूर शामिल हैं।
हरदा में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे के बाद घटनास्थल का दौरा करने सीएम डॉ. मोहन यादव गए। इस दौरान घायलों का हाल जाना और कहा कि इस मामले में ऐसी कार्रवाई करेगें की लोग याद रखेंगे।वहीं दौरा करने गए सीएम डॉ. मोहन यादव को लोगों की नाराजगी का शिकार होना पड़ा। आक्रोशित लोगों ने लौटते समय उनका काफिला रोकने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने सभी कार के सामने से हटा दिया।

### ब्लास्ट मामले में मालिक समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार किए गए लोगों में राजेश अग्रवाल, सोमेश अग्रवाल और रफीक खान शामिल है। बताया रहा है कि राजेश अग्रवाल को राजगढ़ जिले के सारंगपुर से अरेस्ट किया गया है। वह कार में सवार होकर दिल्ली फरार होने की फिराक में था।

## संपादकीय

### झारखंड में चल रहे घटनाक्रम के नतीजों पर प्रतिक्रिया

युवा राज्य झारखंड काफी राजनीतिक खदान साबित हुआ है। इसके कंपन से भरे राजनीतिक क्षेत्र का एक विश्वसनीय संकेतक 24 वर्षों के अस्तित्व में इसके मुख्यमंत्रियों की संख्या 12 है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के चंपई सोरेन ने बागडोर संभाली उनकी सरकार ने सोमवार को विश्वास मत जीता यह झारखंड के उतार-चढ़ाव वाले राजनीतिक रिकॉर्ड के अनुरूप होता, लेकिन उन अभूतपूर्व परिस्थितियों के लिए जिसके कारण उनका अभिषेक हुआ। उनके पूर्ववर्ती, हेमंत सोरेन ने एक भूमि सौदे में धन-शोधन के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। मामले की सुनवाई कर रहे झारखंड हाई कोर्ट ने जांच एजेंसी से जवाब मांगा है. हेमंत सोरेन ने आरोपों से इनकार किया है और उन्हें सत्ता से हटाने की साजिश रचने में न केवल भारतीय जनता पार्टी बल्कि राज्यपाल की भी संलिप्तता का आरोप लगाया है। उनके इस्तीफे और गिरफ्तारी के बाद भाजपा द्वारा अपने विरोधियों के सदस्यों को अपने पाले में करने की अब परिचित फुसफुसाहट होने लगी। लेकिन सोमवार के फ्लोर टेस्ट के नतीजे से पुष्टि होती है कि ऑपरेशन लोटस प्रतिद्वंद्वी खेमों में दलबदल कराकर सत्ता हासिल करने की भाजपा की शरारती रणनीति के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द ङ्क फिलहाल झारखंड में रुका हुआ है।

झारखंड में जो चल रहा है उसका असर उस राज्य विशेष तक ही सीमित नहीं रहेगा. उनके व्यापक प्रभाव हैं. हेमंत सोरेन की हालिया टिप्पणियाँ और,विशेष रूप से, उनके उत्तराधिकारी के रूप में चंपई सोरेन की पसंद, भाजपा से लड़ाई लड़ने की उनकी इच्छा का संकेत देती है। इस अभियान में निस्संदेह पीड़ित आदिवासी भावनाओं का उपयोग किया जाएगा क्योंकि झामुमो का मुख्य समर्थन आधार अनुसूचित जनजातियों से आता है जो एक प्रभावशाली समूह हैं जो झारखंड की राजनीतिक दिशा तय करते हैं। इस लामबंदी का मुकाबला करने के लिए भाजपा का कदम यह तय करने में महत्वपूर्ण होगा कि आम चुनावों में राजनीतिक हवा किस तरफ बहेगी। ज़बरदस्ती करने के बजाय गिरफ्तारी देने के हेमंत सोरेन के फैसले का एक अतिरिक्त निहितार्थ भी हो सकता है- यह विपक्ष को प्रेरित कर सकता है जो उन राजनीतिक नेताओं के पलायन से परेशान है जो भारी रसूख होने का दावा करते हैं। वास्तव में, अपने रास्ते में आने वाली चुनौतियों से निडर होकर खड़े होने वाले एक साहसी नेता के रूप में हेमंत सोरेन की विश्वसनीयता भी उनके लिए गठबंधन के भीतर पैंतरेबाज़ी के लिए कुछ गुंजाइश पैदा कर सकती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि उनके प्रतिस्पर्धी सहयोगी उनकी छवि की चमक पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

### जिंदगी गुनगुना रही


जिंदगी गुनगुना रही है कुछ हौले हौले भीतर में
समझने के कोशिश है बहुत बाहर के शोर में
उलझ गया वजूद हमारा इस चकाचौंध में
दौड़ रहा दिमाग दिन रात अनजानी सी रेस में
जिंदगी गुनगुना रही है कुछ हौले हौले भीतर में
समझने की कोशिश है बहुत बाहर के शोर में
भटक गए दिशा सब प्रगति की ओढ़ में
लगता है खालीपन आधुनिकता के दौर में
जिंदगी गुनगुना रही है कुछ हौले हौले भीतर में
समझने की कोशिश है बहुत बाहर के शोर में
छूट गया अपनो का साथ देखावटी आडंबरो में
हर कोई तलाश रहा अपनत्व अपनो में
जिंदगी गुनगुना रही है कुछ हौले हौले भीतर में



केशी गुप्ता
द्वारका
दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

### मेरा गाँव




गाँव बहुत नेहिल लगे,लगता नित अभिराम।
सब कुछ प्यारा है वहाँ,सृष्टि-चक्र अविराम।।
सुंदरता है गाँव में,फलता है मधुमास।
जी भर देखो जो इसे,तो हर ग़म का नाश।।
सुंदर हैं नदियाँ सभी,भाता पर्वतराज।
वन-उपवन मोहित करें,दिल खुश होता आज।।
हरियाली है गाँव में,गूँजें मंगलगान।
प्रकृति सदा ही कर रही,गाँवों का यशगान।।
खेतों में धन-धान्य है,लगते मस्त किसान।
हैं लहरातीं बालियाँ,करें सुरक्षित शान।।
कभी शीत,आतप कभी,पावस का है दौर।
नयन खोल देखो ज़रा,करो प्रकृति पर गौर।।
खग चहकें,दौड़ें हिरण,कूके कोयल,मोर।
प्रकृति-शिल्प मन-मोहता,किंचित भी ना शोर।।
जीवन हर्षाने लगा,पा मीठा अहसास।
प्रकृति-प्रांगण में सदा,स्वर्गिक सुख-आभास।।
जीवन को नित दे रही,प्रकृति सतत उल्लास।
हर पल ऐसा लग रहा,गाँव सदा ही ख़ास।।



प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे
मंडला,
मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# यूसीसी पर उत्तराखंड ने जो सार्थक पहल की है उससे दूसरे राज्यों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए

**आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है,जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है,विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई ।**

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी और इसे विधानसभा में पेश भी कर दिया। अब चार दिनों के विशेष सत्र में इसे आसानी से पारित भी कर दिया जायेगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। इससे पहले गोवा में यह लागू है। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए।

समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है।



पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी। भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे- हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल,उत्तराखण्ड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्र, अमेरिका, आयरलैंड, आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एकसमान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है।

देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाए तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आए, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गए। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। मुस्लिम पर्सनल लॉ में अनेक विसंगतियां हैं, जैसे शादीशुदा मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को महज तीन बार तलाक कहकर तलाक दे सकता था। इसके दुरुपयोग के चलते सरकार ने इसके खिलाफ कानून बनाकर जुलाई 2019 में इसे खत्म कर दिया है। तीन तलाक बिल पास होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सदियों से तीन तलाक की कुप्रथा से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला है। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि पर्सनल लॉ में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए। तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद में बिल पास कराया था। इस कानून के समर्थकों का मानना है कि अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा फिर चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो। देश में हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होने से देश की राजनीति पर भी असर पड़ेगा और राजनीतिक दल वोट बैंक वाली राजनीति नहीं कर सकेंगे और वोटों का ध्रुवीकरण नहीं होगा। समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में भी सुधार आएगा। कुछ धर्मों के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित हैं। इतना ही नहीं, महिलाओं का अपने पिता की संपत्ति पर अधिकार और गोद लेने जैसे मामलों में भी एक समान नियम लागू होंगे। अगर हम यह चिंतन भारतीय भाव से करेंगे तो स्वाभाविक रूप से यही दिखाई देगा कि समान नागरिक कानून देश और समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

-ललित गर्ग-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

### मैं मुख मे राम बगल मे छूरा नहीं रखता

हम है नदी के द्वीप हम धारा नही है,
मन मेरा अज्ञेय -सा हारा नही है।
छोर से छोर को बांध ल लेकिन,
जिन्दगी के सेतू का किनारा नही है। 01
बादल जो गरजते है ओ बरसते नही है,
लाख समझाओ पर समझते नही है।
कोयले का साथ करके देख लिया मैने,
रगड़ करते रहो पर चमकते नही है।
जीवन मे अब मधुमय वसन्त नही होगा,
पर मेरे सपनो का भी अन्त नही होगा,
तुम बनो लाख शकुन्तला चाहे जितना,
पंकज अब फिर-फिर दुष्यंत नही होगा।
यह फैसला तुम्हारा हमे हैरान कर रहा है,
फिर भी मेरा मन सम्मान कर रहा है।
जिसे जीवन रस पीने का ढंग भी नही,
वह तुम्हारे हाथो से विषपान कर रहा है।
प्यार मे पंकज पीर कबसे सह रहा है,
रोक दो नैन से नीर कबसे बह रहा है।
कर लो नवल श्रृंगार तुम आज फिर से
यह माँग का सिन्दूर तुमसे कह रहाँ है।
आज उनकी हकीकत देखकर आया हूँ,
उनके छत पर कबूतर भेजकर आया हूँ।
सुना हूँ गंध फूलों की बहुत पसन्द है उन्हे,
इसलिए एक गुलाब फेंककर आया हूँ।
मै मुख मे राम बगल मे छूरा नही रखता,
जिन्दगी का जोड-घटना पूरा नही रखता।
हम तो अपनी मस्ती में रहा करते है लेकिन,
इश्क हो या जंग हो अधूरा नही रखता।



डॉ.पंकज शुक्ल प्राणेश ,
भागलपुर,देवरिया
उत्तर प्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# छोटे चौधरी का बड़ा खेला,इंडी गठबंधन की डूबती नाव से कूदने के लिए लगा है रेला

**विपक्ष** के इंडी गठबंधन की नाव डूबती देख इस पर सवार राजनीतिक दलों में कूद कर अपनी जान बचाने की होड़ देखने को मिल रही है। इंडी गठबंधन की नाव को जिन नीतीश कुमार ने तैयार किया था वही सबसे पहले यहां से दूसरी तरफ कूद गये जिससे नाव का संतुलन गड़बड़ा गया। मौका देख ममता बनर्जी ने भी इस नाव से दूरी बना ली और अब राष्ट्रीय लोक दल भी इससे कूदने के लिए पूरी तरह तैयार है। आम आदमी पार्टी भी इंडी गठबंधन की नाव से कूदने के लिए अपना सामान समेट रही है। इस गठबंधन में अब जो दल बचे हैं वह या तो आपस में ही लड़ रहे हैं या उन दलों के भीतर ही भितरघात देखने को मिल रही है जिसके चलते किसी का चुनाव चिह्न खतरे में पड़ गया है तो किसी की पार्टी का मालिकाना हक किसी और के पास चला गया है। विपक्ष की यह स्थिति देख अब प्रधानमंत्री मोदी के संसद में दिये गये संबोधन की वह बात किसी को अतिश्योक्ति नहीं लग रही कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले दम पर 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 400 के पार जायेगा।

विपक्षी गठबंधन की हालत से देश के सामने एक बात और स्पष्ट हो गयी है कि बेमेल विचारधारा वाला यह गठबंधन सिर्फ सत्ता स्वार्थ के लिए बना था। जहां तक राष्ट्रीय लोक दल की बात है तो उसके बारे में बताया जा रहा है कि उसका भाजपा के साथ आना तय हो चुका है। एकाध दिनों में इसकी घोषणा हो सकती है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि राष्ट्रीय लोक दल का भाजपा में विलय भी संभव है लेकिन अगर विलय नहीं हुआ तो गठबंधन होना पक्का है। हम आपको याद दिला दें कि भाजपा ने राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन का प्रयास उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भी किया था लेकिन तब जयंत चौधरी ने साथ आने से मना कर दिया था। राष्ट्रीय लोक दल 2014 से सभी चुनाव विपक्षी दलों के साथ मिलकर लड़ा है लेकिन इसका उसे कोई ज्यादा लाभ नहीं हुआ। हालांकि 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में जरूर समाजवादी पार्टी से गठबंधन का रालोद को फायदा हुआ था साथ ही सपा कोटे से जयंत चौधरी को राज्यसभा की सदस्यता भी मिल गयी थी।

लेकिन अब छोटे चौधरी के नाम से मशहूर जयंत चौधरी के पाला बदलने की अटकलों से विपक्षी खेमा बेचैन दिख रहा है। क्योंकि बात यह नहीं है कि छोटा दल गठबंधन से बाहर जा रहा है या बड़ा दल, बात यह है कि लंबे समय से गठबंधन में साथ रहा दल अब दूसरे के साथ जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि हाल ही में अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी के साथ एक फोटो ट्वीट करते हुए ऐलान किया था कि रालोद के लिए गठबंधन में सात लोकसभा सीटें दी गयी हैं। लेकिन यह सात सीटें कौन-सी होंगी इसका ऐलान नहीं किया गया था। इस बात से जयंत चौधरी नाराज बताये जा रहे थे। जयंत चौधरी ने राजस्थान विधानसभा चुनावों के दौरान भी कांग्रेस से कुछ सीटें अपने लिये मांगी थीं लेकिन कांग्रेस की ओर से स्पष्ट इंकार कर दिये जाने के चलते उन्हें निराशा हाथ लगी थी। इसलिए जब भाजपा की ओर से इस बार गठबंधन का प्रस्ताव आया तो उसे जयंत चौधरी मना नहीं कर सके। बताया जा रहा है कि भाजपा के साथ जाने पर जयंत चौधरी को मथुरा, कैराना, अमरोहा और बागपत सीटें मिल सकती हैं। अभी इनमें से अमरोहा को छोड़कर बाकी तीनों सीटें भाजपा के पास हैं। बताया जा रहा है कि जयंत चौधरी भाजपा के प्रस्ताव को स्वीकार करने का मन बना चुके हैं क्योंकि उन्हें अपनी पार्टी के क्षेत्रीय दल के दर्जे को बचाना है। यदि उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार इन लोकसभा चुनावों में मत हासिल नहीं किये तो संभव है कि उनका चुनाव चिह्न नल भी छिन जाये। जयंत चौधरी यह बात समझ रहे हैं कि भले समाजवादी पार्टी उन्हें लड़ने के लिए ज्यादा सीटें दे दे लेकिन सीटें जीतने की ज्यादा संभावना भाजपा के साथ मिलकर लड़ने में ही है।दूसरी ओर भाजपा भी यह समझ रही है कि किसान आंदोलन के दौरान से नाराज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट मतदाताओं को पूरी तरह तभी साधा जा सकता है जब राष्ट्रीय लोकदल साथ आ जाये। हम आपको याद दिला दें कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा चुनावी नुकसान पश्चिमी क्षेत्र में ही हुआ था। 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान भी भाजपा का प्रदर्शन इस क्षेत्र में अपेक्षा के अनुरूप नहीं था इसलिए भाजपा 2024 में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहती। भाजपा का प्रयास है कि इस बार उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल की जाये और इसके लिए तमाम प्रयास किये भी जा रहे हैं। ऐसी भी चर्चा सामने आई कि जयंत चौधरी ने पांच से सात लोकसभा सीटों की मांग रखी थी लेकिन भाजपा की ओर से चार सीटों का ही वादा किया गया है। भाजपा को पता है कि यदि जयंत को ज्यादा सीटें दी गयीं तो उत्तर प्रदेश की अन्य सहयोगी पार्टियां अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी भी ज्यादा सीटें मांगेंगी। बताया जा रहा है कि गठबंधन के बाद राष्ट्रीय लोकदल को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में जगह दी जा सकती है और लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र में भी एक पद मिल सकता है।


इस तरह की भी चर्चा है कि जयंत चौधरी की पार्टी 12 फरवरी से पहले भाजपा के साथ आ सकती है और जब 12 फरवरी को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मुजफ्फरनगर पहुँचेंगे तो जयंत चौधरी भी साथ होंगे। हम आपको बता दें कि नड्डा लोकसभा चुनाव से पहले मुजफ्फरनगर से पार्टी के एक महीने के ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता मोदी सरकार के जन-कल्याणकारी कदमों को रेखांकित करने के अलावा चुनाव घोषणापत्र के लिए किसानों और मजदूरों सहित ग्रामीण आबादी से सुझाव मांगेंगे। पार्टी के सदस्य लोगों से संवाद के दौरान गांवों में गायों और कृषि उपकरणों की पूजा भी करेंगे। देखा जाये तो नड्डा ने इस कार्यक्रम की शुरुआत के लिए मुजफ्फरनगर का चयन कर बड़ा राजनीतिक संदेश भी दिया है क्योंकि यह क्षेत्र मोदी सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध का केंद्र था। हालांकि बाद में केंद्र ने उन कानूनों को वापस ले लिया था लेकिन आंदोलन में भाग लेने वाले किसानों की नाराजगी अब तक दूर नहीं हुई है।

-नीरज कुमार दुबे-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

### बसंत ऋतु का आगमन

ऋतुओं का राजा बसंत है आया!
चहुं ओर सुन्दर हरियाली छाया!!
सबके मन को खूब है भाया!
बसंत ऋतु का मौसम आया!!
नई चेतना और उमंग छा गया!
देखो देखो बसंत ऋतु आ गया!!
मां सरस्वती का हम करे वंदन!
बसंत ऋतु का करे अभिनंदन!!
चि चि चिड़िया चहकने लगते!
भर भर भंवरे भंवराने लगते !!
कू कू बोल कोयल गीत सुनाए !
भंवरे की गुंजन मन को भाए!!
प्रकृति का कण कण खिल उठा!
पशु पक्षी भी उल्लास से भर उठा!!
सरसों का फूल सोने जैसे चमकने लगा!
जौ और गेहूं की बालियां खिलने लगा!!
आम के पेड़ो पर सुन्दर बौर आने लगा!
फूलों में रंग बिरंगी तितलियां मंडराने लगा!!



श्याम सुंदर साहू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# विपक्ष की रेखाएँ जो धुंधली नहीं होंगी



**उन** सभी लोगों के बीच जो भारत में लोकतंत्र के बारे में गंभीरता से सोचते हैं और लगातार इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि यह कैसे ख़तरे में है, इस बात को लेकर दुख है कि कैसे विपक्षी दल भाजपा और नरेंद्र मोदी शासन के धमाकेदार उद्यम को चुनौती देने के लिए एक साथ नहीं रह पाए हैं।

विशेषकर बिहार में नीतीश कुमार के भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के बाद निराशा स्पष्ट हो गई है। नीतीश के बाहर निकलने के बाद ममता बनर्जी का गुस्सा फूट पड़ा। तब अखिलेश यादव ने एकतरफा घोषणा की कि वह उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को कितनी सीटें देना चाहते हैं। अगर वह गठबंधन को लेकर गंभीर होते तो बंद कमरे में इस पर चर्चा करते. इसने तीन बड़े राज्यों में सहयोग को प्रभावी ढंग से खारिज कर दिया। एक अन्य बड़े राज्य महाराष्ट्र में स्थिति अस्थिर है। वहां कांग्रेस के दो बड़े सहयोगी-शरद पवार और उद्धव ठाकरे-अपनी पार्टियों के विभाजन के बाद अपने समर्थन आधार को लेकर अनिश्चित हैं। केरल में कांग्रेस की भूमिका पर वाम दलों के भीतर भी गंभीर भ्रम है, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के उनके नियंत्रण से दूर जाने के बाद एकमात्र राज्य जहां से कम्युनिस्ट अपनी छाप छोड़ सकते हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कम्युनिस्ट केरल के वायनाड में राहुल गांधी के खिलाफ एनी राजा को मैदान में उतार सकते हैं। दक्षिण के बाकी हिस्सों में विपक्ष तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में उम्मीद लगा सकता है. कर्नाटक और तेलंगाना में उन्हें कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है। इस भ्रम की स्थिति के बीच, सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने धन्यवाद प्रस्ताव में, मोदी ने विपक्षी गठबंधन के 'टूटे हुए गठबंधन' पर कटाक्ष किया।

अगस्त 2023 में, कांग्रेस के संचार प्रमुख जयराम रमेश ने कहा था कि इंडिया संगम संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) से वैचारिक रूप से अलग÷ था जिसका नेतृत्व कांग्रेस ने पहले किया था। लेकिन उन्होंने बहुत ही संकीर्ण अर्थ में वैचारिक भिन्नता की बात कही। उन्होंने बस इतना कहा कि जहां भारत एक चुनाव-पूर्व समझौता था, वहीं यूपीए एक चुनाव-पश्चात समझौता था। जैसे-जैसे महीने बीतते गए, गठबंधन के भीतर वास्तविक वैचारिक मतभेद उजागर होते गए।

-त्रिवेणी देवांगन-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# कार्मेल स्कूल की छात्रा ने की आत्महत्या...सुसाइड नोट में शिक्षिका पर लगाया प्रताड़ना का आरोप,शिक्षिका जेल दाखिल









- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के कार्मेल स्कूल की छात्रा ने मंगलवार की रात अपने घर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कक्षा 6 में पढ़ती थी। आत्महत्या से पहले छात्रा ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। इसमें उसने स्कूल की एक शिक्षिका पर प्रताड़ित और कक्षा में अपमानित करने का आरोप लगाया है। छात्रा के पिता के अनुसार सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि मर्सी सिस्टर काफी बुरी और डेंजरस है, वह टॉर्चर करती है। मेरे पास मरने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। इधर घटना से आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने स्कूल कैंपस के बाहर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। वहीं जिले के अभिभावक संघ ने भी घटना का विरोध जताया है और एसपी को ज्ञापन सौंपकर स्कूल की प्रिंसिपल व शिक्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। वहीं पुलिस ने पीएम रिपोर्ट व सुसाइड नोट के आधार पर शिक्षिका सिस्टर मर्सी के खिलाफ धारा 305 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी शिक्षिका को जेल दाखिल कर दिया गया है। इस दौरान पुलिस शिक्षिका को पुलिस स्कूल से अपने वाहन में लेकर न्यायालय पहुंची। पुलिस वाहन को न्यायालय पहुंचने ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने न्यायालय परिसर में भी गिरफ्तार शिक्षिका के खिलाफ व स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

शहर के दर्रीपारा निवासी आलोक कुमार सिन्हा पेशे से इंजीनियर हैं। उनकी 12 वर्षीय बेटी अर्चिशा सिन्हा शहर के कार्मेल स्कूल में कक्षा 6 वीं की छात्रा थी। वह मंगलवार को स्कूल गई थी। स्कूल से दोपहर तीन बजे घर पहुंची। तब से वह परेशान दिख रही थी। वह अपने घर के दूसरे तल पर अपने कमरे में जाकर आराम कर रही थी। छात्रा की मां रात करीब 9 बजे उसे खाना खाने के लिए बोलने गई तो दरवाजा नहीं खोल रही थी। खिडक़ी से जाकर देखी तो वह कमरे में फंदे पर झूल रही थी। यह दृश्य देखकर मां के पैर तले जमीन खिसक गया। वह चिल्लते हुए दरवाजा को जोर से धक्का दी। इससे दरवाजा खुल गया। परिजन ने मामले की जानकारी मणिपुर थाने को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। कमरे में छात्रा ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। इसमें उसने स्कूल की शिक्षिका पर कई दिनों से प्रताड़ित व कक्षा में दोस्तों के सामने अपमानित करने का आरोप लगाया है। मासूम छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने से माता-पिता का जहां रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं शहरवासियों में शिक्षिका व स्कूल प्रबंधन के प्रति भारी आक्रोशित थे। आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने पीएम रिपोर्ट व सुसाइड नोट के आधार पर शिक्षिका सिस्टर मर्सी के खिलाफ धारा 305 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी शिक्षिका को जेल दाखिल कर दिया गया है। इस दौरान पुलिस शिक्षिका को पुलिस स्कूल से अपने वाहन में लेकर न्यायालय पहुंची। पुलिस वाहन को न्यायालय पहुंचने ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने न्यायालय परिसर में भी गिरफ्तार शिक्षिका के खिलाफ व स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

### छात्रा ने सुसाइड नोट में लिखी ये बातें

छात्रा ने लिखा है कि 6 फरवरी को कक्षा में सिस्टर मर्सी ने उसका व उसके 2 दोस्तों का आई कार्ड छीन लिया। वहीं उसे दोस्तों ने बताया कि सिस्टर मर्सी अब उसे प्रिंसिपल के पास ले जाएंगीं तथा उसके पैरेंट्स को बुलाएंगीं। सिस्टर मर्सी बहुत बुरी व डेंजरस है। इस कारण उसके पास मरने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। मैं ऐसा कदम उठाकर सिस्टर मर्सी से बदला लूंगी, ताकि अन्य बच्चों के साथ ऐसा न हो। सिस्टर मर्सी को जीने का कोई हक नहीं है। छात्रा ने यह भी लिखा है कि प्लीज उसके दोस्तों को पनिशमेंट देने से बचा लो। अंत में छात्रा ने लिखा है कि वह मम्मी-पापा से बहुत प्यार करती है। उसके अंतिम संस्कार में उसके सारे दोस्तों को बुलाने की बात भी उसने लिखी है। प्लीज मेरे जितने भी दोस्त हैं उन्हें पनिशमेंट न दें। सिस्टर मर्सी व सिस्ट जीवा पढ़ाते भी हैं और टॉर्चर भी करते हैं।

### कक्षा में रह चुकी है टॉपर

अर्चिशा पढ़ाई में काफी बेहतर थी, वह कक्षा में टॉपर भी रह चुकी है। वह अपने माता-पिता की एकलौती संतान थी। बुधवार की सुबह जब माता-पिता उठे और बेटी के कमरे में जाकर देखा तो उसका शव पंखे से लटक रहा था। सूचना पर एएसपी पुपलेश कुमार, कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतरवाकर पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। छात्रा की मौत से उसके माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भाजयुमो ने टायर जलाकर किया प्रदर्शन

शिक्षिका की प्रताडऩा से तंग आकर 6वीं की छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के मामले से शहरभर में आक्रोश है। घटना से आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने स्कूल के गेट के सामने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए। भाजयुमो ने आरोपी शिक्षिका व प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान सीएसपी समेत गांधीनगर पुलिस मौके पर मौजूद रही।

### अभिभावक संघ ने भी एसपी को सौंपा ज्ञापन

शिक्षिका की प्रताडऩा से तंग आकर 6वीं की छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के मामले से शहरभर में आक्रोश है। जिला अभिभावक संघ ने घटना को निंदा करते हुए एसपी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने से पूर्व अभिभावक संघ ने एसपी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिभावक संघ का कहना है कि दोषी शिक्षिका के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज किया जाए और उसे गिरफ्तार करने की मांग की है।

### पिता से वीडियो कॉल से की थी बात

छात्रा अर्चिशा के पिता आलोक सिन्हा मंगलवार को घर में नहीं थे। वह कहीं बाहर गए थे। छात्रा स्कूल से वापस घर आने के बाद तनाव में दिख रही थी पर मां समझ नहीं पाई। मां उसे थका हुआ समझकर आराम करने के लिए कमरे में छोड़ दी। वहीं शाम करीब 6.30 बजे अपने पिता के मोबाइल पर वीडियो कॉल कर बात भी की थी।

### स्कूल को शो कॉज नोटिस, कलेक्टर ने तीन दिवस के भीतर मांगा जवाब

कार्मेल स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 6 वीं की छात्रा द्वारा आत्महत्या की घटना संज्ञान में आते ही प्रारम्भिक जांच पश्चात परिजनों की शिकायत पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई की है। कलेक्टर सरगुजा द्वारा विद्यालय प्रबन्धन एवं प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि सम्बन्धित शिक्षक एवं संस्था का उक्त व्यवहार भारतीय दण्ड संहिता एवं संविधान द्वारा बच्चों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों से सर्वथा विपरीत है, जो दण्डनीय है। नोटिस में संस्था को प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र निरस्त करने का प्रस्ताव शासन को क्यों ना भेजा जाए, इसका कारण बताते हुए 3 दिवस के भीतर समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं,संतोषजनक जवाब प्रस्तुत ना किए जाने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## कार्मेल स्कूल की घटना पर सिंहदेव का बयान आया सामने

टी0एस0 सिंहदेव ने अम्बिकापुर में कार्मेल स्कूल की नन्ही छात्रा की आत्महत्या द्वारा मृत्यू का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुख की घडी में मेरी गहरी संवेदनायें और सहानुभूति बालिका के शोकसंतप्त अभिभावकों के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे।आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने बच्चों के साथ स्कूल में किसी भी तरह का गलत व्यवहार कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। अपने शहर की नन्ही बालिका ने स्कूल में उसके एवं उसके दोस्तों के साथ घट रही घटनाओं को लेकर जो कटम उठाया है वह बेहद दु;खद है। इस दुख की घडी में मेरी सांत्वना परिवार के साथ है। परिवार के सदस्यों ने स्कूल पर जो आरोप लगायें हैं उसकी जॉच होनी चाहिये, ताकि तथ्य बाहर आ सकें।



जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्मेल स्कूल की छात्रा कुमारी अर्चिषा के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी की आज की बैठक में चर्चा हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता बयान जारी करते हुए कहा कि पार्टी पूरी ताकत के साथ पिडित परिवार के साथ खडी है। जिला प्रशासन इस मामले की निष्पक्ष जांच करे

### घटना के संबंध में भाजपा ने एसपी से की मुलाकात

भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने नगर में घटित कार्मल स्कूल छात्रा की शिक्षक प्रताडऩा से हुई आत्महत्या मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सभी स्कूलों के मैनेजमेंट तथा टीचिंग स्टाफ को बच्चों की सुरक्षा व पढ़ाई से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के सुझाव भी दिए। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी सरगुजा लोकसभा चुनाव संयोजक अखिलेश सोनी, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ पैकरा, मधुसूदन शुक्ला, संतोष दास, रूपेश दुबे, मनोज गुप्ता, मनोज सोनी, मयंक जायसवाल तथा शरद सिन्हा शामिल थे।

## जमीन विवाद पर पड़ोसी ने किया टांगी से वृद्ध पर जानलेवा हमला, गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डांडगांव में जमीन विवाद पर पड़ोसी ने एक वृद्ध पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसे मृज समझकर आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन द्वारा गंभीर रूप से जख्मी वृद्ध को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




जानकारी के अनुसार गोविन्द राम धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डांड़पारा का रहने वाला है। इसका जमीन विवाद पड़ोसी उत्तम दास से है। मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर उत्तम दास ने गोविन्द राम के गर्दन पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे मरा समझकर आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं गोविन्द राम के परिजन ने देखा तो उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं गोविन्द राम के पुत्र सियाराम की रिपोर्ट पर धौरपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर निरीक्षक कैलाश मिर्रे, सहायक उप निरीक्षक रामधनी राम, आरक्षक दिलेश्वर नागेश,अरविंद पैकरा मुनेश्वर पन्ना शामिल रहे।

## रक्त संबंधी विकारों के निदान हेतु अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज में प्रदेश स्तरी कार्यशाला का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में पहली बार राज्य स्तरीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन होना है। संरक्षक के रूप में अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने जानकारी बताया कि तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन 9 से 11 फरवरी तक किया जाएगा। सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दिग्गज विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम में देश एवं प्रदेश से लगभग 250-300 प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन के अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष डा. रमेश चन्द्र आर्य ने बताया कि सम्मेलन में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विषय विशेषज्ञों में पंडुचेरी से डॉ. देवदत्ता बासु द्वारा रक्त संबंधी विकारों के निदान हेतु आधुनिकतम जांच एवं इलाज से संबंधित जानकारी दी जाएगी। कोलकाता से डा. असितवा मंडल द्वारा मुंह के कैंसर से संबंधित नवीनतम अनुसंधान एवं जांच तथा इलाज की पद्धतियों के बारे में व्याख्यान दिया जाएगा। एम्स पटना से डा. श्रीकांत भारती द्वारा शरीर के सोफ्ट टिशू में होने वाले कैंसर की समय पर जांच एवं इलाज की नवीनतम पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। पैथोलॉजी के राष्ट्रीय संगठन आईएपीएम के सचिव एवं पीजी डीन डा. रंजन अग्रवाल द्वारा अंतराष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान एवं प्रकाशन की पद्धतियों के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पक्ष पर व्याख्यान देकर संस्थान में अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु रूपरेखा सुदृढ़ की जाएगी। इसके साथ ही अन्य महत्पूर्ण विषयों पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रदेश के विषय विशेषज्ञों द्वारा जिसमें डा. रबीन्द्रनाथ एम. एवं डॉ. गुरमीत सिंह द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। आयोजन के उपाध्यक्ष डॉ. विश्वजीत जैसवाल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला हेतु आमंत्रित अंतरराष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों की जानकारी देते हुए बताया कि तीनों विशेषज्ञ इंदौर के अरबिंदो चिकित्सा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्थान से संबंधित हैं,जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. अमित वर्मा, प्राध्यापक डॉ. कमल मलुकानी एवं डॉ. गौतम भागवत सम्मलित होंगे। आयोजन के सचिव डॉ. विशाल कुलकर्णी ने बातया कि यह अपने स्तर का एक अभूतपूर्व सम्मेलन होने जा रहा है जिसमें प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के चिकित्सा शिक्षक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं भाग लेकर निसंदेह अपने ज्ञान में अद्यतन वृद्धि करेंगे, जिसका सीधा लाभ अंचल के मरीजों को मिलेगा।



## संस्कार सेवा समिति ने अयोध्या धाम यात्रियों को कराया भोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

संस्कार सेवा समिति अंबिकापुर द्वारा अयोध्या धाम की यात्रा के लिए जा रहे जशपुर, बलरामपुर, पत्थलगाँव,अंबिकापुर, रायगढ़ एवम रायपुर जिले के विद्यार्थी यात्रियों के लिए प्रणव भवन में यात्रा में जाते समय एवं वापसी में भोजन व स्वल्पाहार की समुचित व्यवस्था कर उन्हें सम्मान सहित भोजन कराया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री भगवान दास बंसल ने बताया कि संस्कार सेवा समिति हमेशा से सेवा के पुनीत कार्यों में अपना योगदान देती आई है। इसी क्रम में अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं को समिति ने भोजन कराया है। इस अवसर पर समिति के सचिव अजय मिश्र, उपाध्यक्ष गौरांगो सिंह, अनुज दुबे, सतीश तिवारी, सुमेश्वर सिंह, हेमंत नाग, खेमलाल, जीतेन्द्र तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थित होकर व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

## चोरी का 3 टन कोयला सहित 1 पकड़ाया चौकी खड़गवां पुलिस की कार्यवाही



- संवाददाता -
सूरजपुर, 07 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

नवपदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे ने जिले का पदभार ग्रहण कर सभी थाना-चौकी प्रभारियों को अवैध कार्यो पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए रोक लगाने के निर्देश दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 6-7 फरवरी 2024 को रात्रि गश्त के दौरान चौकी खड़गवां पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 ईए 4983 में अवैध कोयला लोड कर जगरनाथपुर दर्रीपारा की तरफ से जगरनाथपुर मेन रोड़ आने वाला है।

सूचना पर चौकी खड़गवां पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर पिकअप वाहन को रोकवाया वाहन की तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड़ होना पाया, वाहन चालक से कोयला संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। कोयला चोरी का होने की पूर्ण अंदेशा पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए 3 टन कोयला कीमत 18 हजार रूपये व परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त कर आरोपी मनोज पोद्दार पिता सदानंद उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुर थाना जयनगर को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि जगरनाथपुर महान-3 खदान का चोरी का कोयला ले जा रहा था। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, विनय किस्पोट्टा, सुशीचंद एक्का, आरक्षक मनोज राय, राकेश सिदार, भगत सिंह नेताम व विकास सिंह सक्रिय रहे।

## अदाणी फाउंडेशन ने बुनियादी ढांचागत विकास के लिए उठाये कदम

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 07 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।




किसी क्षेत्र का विकास वहां के बेहतर बुनियादी ढांचे पर निर्भर करता है, और जो आवश्यकताओं के आधार पर विकसित किए जाते हैं ताकि क्षेत्र में रहने वाले लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बाजार इत्यादि जैसी मूलभूत सेवाएं आसानी से मिल सके। इसी उद्देश्य को चरितार्थ करने जिले के उदयपुर प्रखण्ड में अदाणी फाउंडेशन ने राजस्थान राज्य विद्युत के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत कराए गए ग्रामीण समुदायों में जरूरी बुनियादी ढांचा विकास के कई कार्य कराए हैं।

जिनमें मासूम बच्चों की रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने सरकारी स्कूलों, छात्रावास और आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत वॉल पेंटिंग व बाला पेंटिंग सहित आम ग्रामीणों को रात्री में पैदल और साइकिल सवारों की सुरक्षित आवागमन के लिए ग्राम की सड़कों को रोशन करने हेतु अब तक 500 से ज्यादा सोलर स्ट्रीट लाइट के साथ साथ मुख्य चौक चौराहों में हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था भी की है। इस वर्ष भी ग्रामों के विकास में तत्पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा सालों से खंडहर हो चुके भवनों का जीर्णोद्धार कार्य भी कराया गया है।

### बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय का नवीनीकरण

सामुदायिक सुविधाओं को बढ़ाने के एक ठोस प्रयास में, अदाणी फाउंडेशन द्वारा बस स्टैन्ड में सालों से पड़े और खंडहर हो रहे यात्री प्रतीक्षालय का जीर्णोद्धार कराया है। इन विकास कार्यो का मुख्य उद्देश्य स्थानीय यात्रीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। जनार्दनपुर के सरपंच के अनुरोध पर बीते दिसंबर 2023 में जनार्दनपुर बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय भवन के नवीनीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इससे हर महीने गांव के करीब 500 से अधिक स्थानीय नागरिक लाभान्वित होंगे।

### घाटबर्रा के खासपारा में बालक छात्रावास के छत की वॉटरप्रूफिंग कार्य

घाटबर्रा गांव के खासपारा, में बालक छात्रावास की छत सालों से टपक रही थी। यहां रहने वाले आदिवासी छात्र बरसात के मौसम में काफी परेशान रहते थे। गांव के सरपंच और स्थानीय स्कूल के अनुरोध पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अदाणी फाउंडेशन ने अपने बुनियादी ढांचा विकास के पहल में नवंबर 2023 में छात्रावास के मरम्मत और छत के वॉटरप्रूफिंग का कार्य कराया। इस पहल ने कक्षा 6 वीं और 8 वीं के 20 छात्रों को सीधे प्रभावित किया, जो समग्र सामुदायिक कल्याण के लिए अदाणी फाउंडेशन की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। यह परियोजना समुदाय के प्रति फाउंडेशन के समर्पण का एक प्रमाण है। जो यहां पर रह रहे छात्रों के लिए सुविधाओं को उन्नत कर एक सुरक्षित और आरामदायक रहने का माहौल बनाने के साथ उनके अध्ययन के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने का प्रयास है।

अदाणी फाउंडेशन स्थानीय बुनियादी ढांचे को बदलने और समुदायों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इन पहलों के माध्यम से फाउंडेशन व्यक्तियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के प्रति अपने समर्पण का उदाहरण देता है।

# धार्मिक नेता पर 191 बच्चों की निर्मम हत्या का आरोप,आखिर मासूमों को क्यों उतारा मौत के घाट



**नैरोबी,07 फरवरी 2024।** केन्याई स्थित एक धार्मिक नेता पॉल एनथेंगे मैकेंजी और अन्य 29 आरोपियों पर 191 बच्चों की हत्या का आरोप तय हुआ है। पिछले साल पूर्वी केन्या के शाकाहोला जंगल से बड़ी संख्या में शव और कंकाल मिले थे। इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक धार्मिक नेता मकैंजी और उनके सहयोगिकों को गिरफ्तार किया गया था, जिन पर आरोप है कि उन्होंने 191 बच्चों को मौत के घाट उतारा है।

**मैंकेजी के निर्देश पर बच्चों को उतारा मौत के घाट**

महीनों तक चली शवों की खोज के बाद अधिकारियों ने उन्हें विशाल जंगल से बाहर निकाला। हालांकि मैकेंजी और अन्य 29 आरोपों ने आरोपों को बेबुनियाद बताया था। इसके अलावा मैकेंजी पर आतंकवाद, हत्या और बच्चों की निर्मम हत्या समेत कई आरोप लगाए गए हैं। गौरतलब है कि एक धार्मिक सभा के दौरान मैकेंजी ने अपने अनुयायियों और उनके बच्चों को भूखा मारने का निर्देश दिया था ताकि वे स्वर्ग पहुंच सकें। जांचकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मैकेंजी के निर्देशों के तहत इस तरह के कृत्य को अंजाम दिया गया था। पिछले साल अप्रैल माह से मैकेंजी हिरासत में है क्योंकि जांचकर्ताओं ने सबूतों के लिए जंगल में महीनों तक खोजबीन की।

**जंगलों में मिले बच्चों के शव**

बरामद शवों के पोस्टमार्टम से पता चला कि बच्चों की मौत भूख के कारण हुई थी। जबकि कई लोगों की गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। कोर्ट में अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश शवों के सड़ने के कारण उन्हें डीएनए के माध्यम से पीड़ितों की पहचान करने में एक लंबी प्रक्रिया का सामना करना पड़ा।

## कैलिफोर्निया की सरकार ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव, हिंदू संगठन बोले- ये बड़ी जीत



**वॉशिंगटन,07 फरवरी 2024।** अमेरिका में हिंदू धर्म को बदनाम करने की साजिश विफल हो गई है। दरअसल कैलिफोर्निया सरकार के एक सरकारी विभाग नागरिक अधिकार विभाग ने कहा है कि जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने साल 2020 में दर्ज हुई शिकायत में संशोधन कर दिया है। बता दें कि कैलिफोर्निया के नागरिक अधिकार विभाग ने बीते साल ही इस मामले में स्वैच्छिक रूप से अपने आप को अलग कर लिया था।

**हिंदू संगठन ने बताया बड़ी जीत**

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने बयान जारी कर बताया कि अमेरिका के नागरिक अधिकार विभाग ने दिसंबर के पहले हफ्ते में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ दर्ज शिकायत में संशोधन कर लिया था, जिसमें कंपनी के भीतर जाति आधारित भेदभाव के आरोप लगाए गए थे। संगठन ने कहा कि यह हिंदू अमेरिकियों के लिए बड़ी जीत है। शिकायत में गलत और असंवैधानिक बात को हटा दिया गया है, जिसमें कहा गया था कि जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म और उसकी शिक्षाओं का अनिवार्य हिस्सा है।

**क्या है मामला**

साल 2020 में सिलिकॉन वैली में स्थित शीर्ष तकनीकी कंपनी सिस्को सिस्टम्स में एक भारतीय अमेरिकी इंजीनियर ने आरोप लगाए थे कि उसके भारतीय मूल के सहकर्मी उसके साथ जाति के आधार पर भेदभाव करते हैं क्योंकि वह दलित समुदाय से ताल्लुक रखता है और उसकी टीम के अन्य कर्मी उच्च जाति से हैं। मामले में कंपनी के खिलाफ मुकदमा हुआ था। इस मामले में अमेरिका और भारत में खूब सुर्खियां बटोरी थी।

कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फेयर एम्प्लॉयमेंट एंड हाउसिंग ने सिस्को के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। अमेरिका में जातीय भेदभाव को लेकर कोई कानून नहीं है, ऐसे में कैलिफोर्निया की सरकार ने नागरिक अधिकार अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। अमेरिका में दलितों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले कुछ संगठन भी इस मुकदमे से जुड़ गए थे।



## कर्ट कैंपबेल बने अमेरिका के डिप्टी विदेश मंत्री, राष्ट्रपति जो बाइडन के हैं करीबी

**वॉशिंगटन, 07 फरवरी 2024।** अमेरिकी सीनेट ने कर्ट कैंपबेल के डिप्टी विदेश मंत्री बनने पर मुहर लगा दी है। कर्ट कैंपबेल एशिया मामलों के जानकार माने जाते हैं और राष्ट्रपति जो बाइडन के करीबी हैं। कैंपबेल, वेंडी शरमन की जगह लेंगे, जो 8 जुलाई को रिटायर हो गए थे और अब वे अमेरिका के विदेश विभाग में सेकेंड रैंकिंग डिप्लोमैट के रूप में विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ काम करेंगे।

कर्ट कैंपबेल इससे पहले व्हाइट हाउस में हिंद प्रशांत महासागर मामलों के नेशनल सिक्योरिटी कार्उसिल कॉर्डिनेटर रह चुके हैं। कर्ट कैंपबेल ने कहा है कि अमेरिका की चीन से प्रतिस्पर्धा है, लेकिन अमेरिका,चीन से युद्ध नहीं चाहता। कैंपबेल ने कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेगा और चीन के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखेगा।

# नहीं बंद हो रहे मुइज्जू के बड़बोले बयान...कहा...जल्द ही मालदीव में नहीं होगी कोई विदेशी सैन्य उपस्थिति



**माले, 07 फरवरी 2024।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का उनके ही देश में व्यापक विरोध हो जा रहा है बावजूद इसके वे भारत से संबंधों को लेकर बयानबाजी बंद नहीं कर रहे हैं। अब उन्होंने कहा है कि जल्द ही मालदीव में कोई विदेशी सैन्य उपस्थिति नहीं होगी। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में लगा है। जल्द ही हम वहां पहुंच जाएंगे, जब देश में कोई विदेशी सैन्य उपस्थिति नहीं होगी। गौरतलब है कि बीते कुछ सप्ताह पहले मुइज्जू ने भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की थी। जिसके बाद से दोनों के बीच तनाव जारी है।

बुधवार को, रईस गे जावाबू (जनता से रूबरू) कार्यक्रम में मुइज्जू से विदेशी सैन्य सैनिकों को बाहर निकालने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में पूछा गया। इस पर मुइज्जू ने कहा, मैं लोगों को आश्वस्त कर रहा हूं कि मालदीव को उस बिंदु पर ले जाया जाएगा, जहां देश में कोई विदेशी सैन्य टुकड़ी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश की मौजूदा सैन्य क्षमताओं को बढ़ाया जाए ताकि मालदीव के लोगों के लिए आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था हम खुद कर सकें।

मुइज्जू ने इस बयान से एक दिन पहले ही घोषणा की थी कि मालदीव पानी के भीतर सर्वे के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के अलावा समुद्री, हवाई और स्थलीय क्षेत्रों सहित अपने सभी क्षेत्रों पर स्वायत्त नियंत्रण बनाए रखेगा। वहीं उससे पहले, सोमवार को अपने पहले राष्ट्रपति भाषण में मोइज्जू ने कहा था कि भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले समूह को 10 मार्च से पहले मालदीव से वापस भेज दिया जाएगा। राष्ट्रपति ने यह भी कहा था कि मालदीव अपनी सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार से दान में मिले हेलिकॉप्टरों और डोर्नियर विमानों के संचालन और रखरखाव के लिए वर्तमान में 88 भारतीय सैन्यकर्मी मालदीव में हैं। भारतीय सैन्यकर्मी पिछले कुछ वर्षों से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

**भारत के खिलाफ क्यों हैं मालदीव के राष्ट्रपति?**

पिछले साल सितंबर में मालदीव में आम चुनाव हुए थे। इस दौरान मुइज्जू की पार्टी ने भारतीय सैनिकों को हटाने के लिए चुनाव में इंडिया आउट अभियान चलाया था। मुइज्जू ने खुद चुनाव में इंडिया आउट लिखी टी शर्ट पहन कर चुनाव प्रचार किया था। उनका चुनावी वादा था कि अगर चुनाव में जीते तो भारतीय सैनिकों को मालदीव छोड़कर जाने को कहा जाएगा। चीन समर्थक मुइज्जू ने राष्ट्रपति का पदभार संभालने के दूसरे दिन ही आधिकारिक तौर पर भारत सरकार से अपने सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध किया।

इसके बाद लक्षद्वीप के मुद्दे पर भी भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव देखने को मिला था। मालदीव के सांसदों ने ही अपनी सरकार के भारत विरोधी रुख की आलोचना की थी। भारत समर्थक एमडीपी ने कहा था कि मुइज्जू की विदेश नीति से देश के विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। विपक्ष चाहता है कि सरकार सभी देशों के साथ मिलकर काम करे, जिससे मालदीव के लोगों को फायदा मिले।

वहीं हालिया चीन दौरे के बाद मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के तेवर और भी सख्त दिखे। उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा था, मालदीव किसी खास देश का आंगन नहीं है और कोई भी उसे धमका नहीं सकता है। भारत से घटिया गुणवत्ता की दवाओं के बजाय यूरोप और अमेरिका से दवाएं मंगाएंगे। उनके इन बयानों पर विपक्षी नेताओं ने जोरदार हमला बोला था।

# राष्ट्रपति विक्रमसिंघे बोले-विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेगा श्रीलंका; भारत को लेकर कही यह बात



**कोलंबो, 07 फरवरी 2024।** इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के राष्ट्रपति ने विदेशी संबंधों को लेकरब बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को संसद के नए सत्र के उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में कहा कि देश को आर्थिक संकट से उबारने और विकास के लिए विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत आ गई है। विक्रमसिंघे ने कहा कि मौजूदा जरूरतों और भूराजनीतिक रुझानों को देखते हुए हमारे लिए विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करना जरूरी और महत्वपूर्ण हो गया है। संसद में अपने नीतिगत भाषण के दौरान उन्होंने भारत का भी जिक्र किया।

विक्रमसिंघे ने कहा कि हम इस दिशा में काम करना भी शुरू कर चुके हैं। इसी क्रम में भारत के सहयोग से त्रिंकोमाली को एक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए एक योजना पहले ही शुरू हो चुकी है। उन्होंने देश के लिए ज्यादा से ज्यादा आर्थिक लाभ की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विदेशी संबंधों के पुनर्गठन में आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ऐसे में देश की आर्थिक ताकत को बढ़ाने वाली नई विदेश नीतियों को अपनाना होगा। इसके अलावा, सभी देशों के साथ गुटनिरपेक्ष नीतियों और मित्रता को बढ़ावा देना भी जरूरी है। उन्होंने देश की नई विकास नीति का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी विदेश नीति वर्तमान युग के साथ जुड़ने के लिए विकसित हो रही है। हम आर्थिक संबंधों को ऐसा नेटवर्क बना रहे हैं, जिसके जरिए हमारे देश के उत्पाद विदेशी बाजार में प्रवेश पा सकें।

**श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में हो रहा सुधार- विक्रमसिंघे**

संसद में अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि 2022 में 7.8 फीसदी जीडीपी संकुचन और लगातार छह तिमाहियों से नकारात्मक वृद्धि के बावजूद देश ने 2023 की तीसरी तिमाही में देश ने वापसी की है। इसके साथ ही विक्रमसिंघे ने आगे देश के आर्थिक परिदृश्य में एक जरूरी बदलाव की घोषणा भी की है।

उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए यह घोषणा की है कि सरकार को उम्मीद है कि आर्थिक सुधारों को लागू करना जारी रखकर देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करते हुए लोगों पर कर का बोझ कम किया जाएगा। राष्टपति ने पांचवें सत्र के उद्घाटन को एक औपचारिक समारोह के रूप में आयोजित करने का निर्देश दिया था।

**भारत को लेकर कही यह बात**

राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पूर्वोत्तर मन्नार और दक्षिण भारत के बीच पुल बनाने के विचार पर चर्चा की है। विक्रमसिंघे ने कहा, दिवालिया हो चुकी श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था को दोबारा मजबूत बनाने के लिए वह ऐसे फैसले लेने को भी तैयार हैं, जो जनता की नजर में अलोकप्रिय हो सकते हैं। उन्होंने उत्तरी क्षेत्र जाफना की अर्थव्यवस्था को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने के तरीकों पर काम करने का वादा भी किया था।

गौरतलब है कि इससे पहले, मंगलवार को श्रीलंका के विदेश मंत्री

## राजनीतिक दल महिलाओं को 5% सीटें आवंटित करने में भी नाकाम,मानवाधिकार संगठन ने जताई नाराजगी




**इस्लामाबाद, 07 फरवरी 2024।** पाकिस्तान में आम चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। तमाम राजनीति दलों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। आम चुनाव के लिए मतदान में महज एक दिन ही बचा है। पाकिस्तान के राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। इसी बीच, पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग ने सामान्य सीटों पर महिलाओं के लिए अपनी पार्टी के कम से कम पांच प्रतिशत उम्मीदवारों को आवंटित करने में राजनीतिक दलों की विफलता पर निराशा जताई है। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग(एचआरसीपी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए आम चुनाव के लिए महिलाओं के प्रतिनिधित्व की आवश्यकता की वकालत की। उन्होंने कहा कि कम से कम एक तिहाई उम्मीदवार महिलाएं हों। गौरतलब है कि एचआरपीसी एक स्वतंत्र अधिकार निकाय है, जो आम चुनाव में महिलाओं की भागीदारी पर जोर देता है।

**हमारा मकसद चुनाव में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएं**

एचआरसीपी ने इस मुद्दे के संबंध में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) से स्पष्टीकरण का अनुरोध करने के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। इससे चुनाव में महिलाओं उम्मीदवारों की भागीदारी को बल मिलेगा। राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों की अंतिम सूची के प्रकाशन में देरी के बारे में गंभीर चिंता साझा करते हुए संगठन ने कहा कि चुनावी प्रतीकों के आवंटन के लिए उनकी पात्रता के लिए अनुच्छेद 206 का अनुपालन एक कानूनी दायित्व था। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए ईसीपी द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए, फाउंडेशन ने कहा कि उसे उम्मीद है कि आयोग महिलाओं को पार्टी के 5 प्रतिशत टिकटों का आवंटन सुनिश्चित करेगा।

**ईसीपी ने राजनीतिक दलों से किया था अनुरोध**

इससे पहले, पाकिस्तान चुनाव आयोग(ईसीपी) ने राजनीतिक दलों से आगामी आम चुनावों के लिए सामान्य सीटों पर महिलाओं का पांच प्रतिशत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया था। ईसीपी प्रवक्ता ने एक बयान में अधिक समावेशी और प्रतिनिधि लोकतंत्र में योगदान देने के लिए सभी राजनीतिक दलों की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

## चुनाव से एक दिन पहले पाकिस्तान में धमाके: चुनाव कार्यालयों के बाहर एक घंटे के अंदर दो ब्लास्ट; 30 मरे, 52 घायल



**इस्लामाबाद,07 फरवरी 2024।** पाकिस्तान में आम चुनाव से एक दिन पहले बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत में राजनीतिक दलों या नेताओं के कार्यालयों को निशाना बनाकर दो बम विस्फोट की घटनाओं को अंजाम दिया गया। इस दौरान कम से कम 25 लोग मारे गए और 42 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। वहीं, एक घंटे से भी कम समय के बाद किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें दस लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए।

बलूचिस्तान के पंजगुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जहरी ने बताया कि उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में बम रखा गया था, जिसमें 'टाइमर' लगा था। उन्होंने कहा कि कुछ घायलों की हालत गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए क्वेटा ले जाया गया है। विस्फोट में हताहतों की संख्या बढ़ सकती है।

जहरी ने बताया कि आतंकी लोगों को मतदान केंद्रों पर जाने से रोकने के लिए उम्मीदवारों को निशाना बना रहे हैं, लेकिन चुनाव तय समय पर हो यह सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जेयूआई उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय में विस्फोट होने से भारी नुकसान हुआ है।

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने कहा कि गुरुवार को होने वाले चुनाव के लिए प्रांत में सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। इन आतंकी हमलों के गुनहगारों को पकड़ा जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बलूचिस्तान के गृह मंत्री जान अचकजई ने हमलों की निंदा की और कहा कि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होंगे।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत इंडियाना में मृत मिला; इस साल ऐसी छठी घटना



**न्यूयॉर्क,07 फरवरी 2024।** अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला किया गया गया। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं।

विश्वविद्यालय की स्वतंत्र समाचार एजेंसी द पर्ड्यू एक्सपोनेंट के मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की।

एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। समीर ने मैसैचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्याल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया था। इसके बाद वह 2021 के गर्मी के दिनों में पर्ड्यू आए थे। उन्हें 2025 में डॉक्टरेट कार्यक्रम में शामिल होना था।

**शिकागो में भारतीय आईटी छात्र पर हमला**

एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो शहर में हमला किया गया। घटना उनके घर के पास ही हुई। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें अली खून से लथपथ दिखाई दे रहे हैं।

अली करीब छह महीने पहले हैदराबाद से अमेरिका आए थे। उन्होंने एक समाचार चैनल को बताया कि हमलावरों में से एक ने उन पर बंदूक तान दी थी। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि अली रात हाथ में एक पैकेट ले जाते हुए अपने घर जा रहे हैं। तभी तीन लोग उनका पीछा करते हैं। इसके बाद वे अली पर हमला कर देते हैं।

अली ने बताया कि उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनका उपचार हुआ। उन्होंने कहा, अमेरिका मेरा सपनों का देश रहा है और मैं यहां अपने सपनों को पूरा करने के लिए आया हूं। इस घटना ने मुझे सहमा दिया है। खबरों के मुताबिक, पुलिस ने अब तक किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। मामले की जांच जारी है।

वहीं, इस मामले पर भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने भी प्रतिक्रिया दी है। महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर लिखा कि वह अली और उनकी पत्नी सैयदा रुकिया फातिमा रिजवी के संपर्क में है और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। महावाणिज्य दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों से भी संपर्क किया है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अली की पत्नी रुकिया ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी संपर्क किया है और तीन नाबालिग बच्चों के साथ अमेरिका जाने में मदद करने का अनुरोध किया है।

# महंत परिवार के सामने सरोज या अनुराग इन में से कौन होगा कोरबा लोकसभा से भाजपा का मजबूत उम्मीदवार?

## स्थानीय नेताओं की दावेदारी पड़ रही कमजोर?

**खत्म हो रहा राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का कार्यकाल, संभावना बढी**

**राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी हैं सांसद सरोज पांडेय...एक साथ महापौर, विधायक व सांसद बनने का रिकार्ड भी इनके नाम**

**राष्ट्रीय नेतृत्व के लिए भरोसेमंद चेहरा हैं सरोज पांडेय...राजस्थान में जीत के बाद दी गई थी मुख्यमंत्री के चयन में जिम्मेदारी**

**प्रदेश प्रवक्ता अनुराग पर भी भरोसा जता सकती है पार्टी...विद्यार्थी परिषद से लेकर भाजयुमो एवं अब भाजपा की सक्रिय राजनीति में अहम भूमिका निभा रहें हैं सिंहदेव**



मोदी लहर के बावजूद पिछले चुनाव में ज्योत्सना महंत को जीत हुई थी हासिल...

### परिचय के नही हैं मोहताज,पार्टी के लिए रहते हैं समर्पित...

### कांग्रेस की ओर से महंत परिवार से ही होगा सांसद का उम्मीदवार...व्यक्तिगत रूप से संसदीय क्षेत्र में मजबूत माने जाते हैं महंत

-संवाददाता-
कोरिया/कोरबा 07 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

आगामी लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती अब शुरू हो गई है,केन्द्र की मोदी सरकार भी चुनावी मोड में नजर आ रही है,इसके साथ ही प्रदेश स्तर पर राजनैतिक दलों द्वारा तैयारियां शूरू कर दी गई है,किस सीट पर कौन प्रत्याशी होगा यह फैसला तो हाई कमान ही तय करता है प्रदेश मे 11 लोकसभा सीटें हैं जिनमें कि सभी में अलग-अलग समीकरण देखने को मिलते हैं बात अगर कोरबा लोकसभा की ओर की जाए तो यहां इस बार भी कांग्रेस से वर्तमान में सांसद ज्योत्सना महंत का एक बार फिर चुनाव लड़ा जाना तय माना जा रहा है,तो वहीं भाजपा में दावेदारों की संख्या एक दर्जन से भी अधिक हो चुकी है। कोरबा लोकसभा मे हलांकि कार्यकर्ता इस बार किसी नए चेहरे की तलाश में हैं तो वहीं इन सभी के बीच एक बड़ी बात भी निकलकर सामने आ रही है कि पार्टी यहां से इस बार वर्तमान में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को भी मैदान में उतार सकती है,उनका कार्यकाल अब समाप्ति की ओर है,सरोज पांडेय का अपना एक कद है और पार्टी नेतृत्व की विश्वासपात्र भी मानी जाती हैं। इसके साथ ही प्रदेश की राजनीति में अपना अहम स्थान रखने वाले युवा तुर्क एवं वर्तमान



में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव को भी इस संसदीय सीट से लड़ाने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है,उक्त दोनो नेताओ की चर्चा राजधानी रायपुर से लेकर संसदीय क्षेत्र में भी होने लगी है। भाजपा अब प्रयोगधर्मी पार्टी मानी जाती है वर्तमान दावेदारों को छोड़ यदि इन चेहरों पर पार्टी विश्वास जता ले तो कोई आश्चर्य नही होगा। वर्तमान में दावेदारी कर रहे कोरबा जिले के स्थानीय नेताओं में वर्चस्व की लड़ाई है और कार्यकर्ताओं के प्रति उनकी भावना भी सही नही है कुछ नेता तो सिर्फ चुनाव के समय कार्यकर्ताओं की पूछपरख करते हैं बाकि समय उन्हे कार्यकर्ताओं से कोई मतलब नही होता।

### अमित जोगी भी भाजपा के संपर्क में

वैसे देखा जाए तो जनता कांग्रेस के नेता अमित जोगी भी गत विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक हासिये पर चले गए हैं इस बार उन्हे एक भी सीट नसीब नही हुआ,पिछले दिनों दिल्ली जाकर उन्होने भाजपा की राजनीति के चाणक्य और देश के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर खुद सोशल मीडिया में फोटो वायरल किया था जिसके बाद से यह भी संभावना जताई जा रही है कि वे अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर सकते हैं जिसके बाद वे भी कोरबा लोकसभा से दावेदार के रूप में सामने आ सकते हैं। हलांकि इस बारे में अंतिम फैसला सिर्फ और अमित शाह को ही लेना है वे इस राजनीति को किस करवट बैठाएंगे यह भाजपा के अच्छे अच्छे राजनीतिज्ञ नही समझ सकते।



### छात्र राजनीति से शुरू हुआ सफर

अनुराग सिंहदेव आज छत्तीसगढ भाजपा की राजनीति में अपना एक अलग स्थान रखते हैं,वे संगठन के प्रति समर्पित हैं। उन्होने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से छात्र राजनीति की,छात्रों के हित में अनेक लड़ाई सड़को तक लड़ी है, अंबिकापुर से लेकर प्रदेश भर में विद्यार्थी परिषद के लिए काम किया। प्रदेश एवं देश स्तर पर विभिन्न छात्र सम्मेलन एवं आंदोलन में भी उन्होने प्रमुख भूमिका निभाई। छात्र राजनीति के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के माध्यम से उन्होने युवाओं के बीच में अलग छाप बनाई जमीन स्तर पर मेहनत किया, जिसकी बदौलत उन्हे भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। अपने कार्यकाल में उन्होने युवाओं के हित में कई रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया। युवा मोर्चा में एक अमिट छाप उन्होने छोड़ी जिसकी बदौलत ही उन्हे विधायक का टिकट प्राप्त हुआ था।

### संगठन के लिए हर वक्त समर्पित हैं अनुराग

भाजपा की प्रदेश स्तरीय राजनीति में सक्रिय प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव वर्तमान में बिलासपुर जिले के भाजपा सह प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं विभिन्न मौंके पर पार्टी द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम में भी उन्हे प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई जिसका उन्होने बखूबी निर्वहन किया। एक सनातनी के रूप में भी अपनी पहचान रखने वाले अनुराग सिंहदेव का कोरिया जिले के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से भी गहरा संबंध है। राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना चुके अनुराग सिंहदेव कोरिया ने जिले के प्रभारी के रूप में भी काम किया है, नगरपालिका शिवपुर चरचा नगरीय निकाय में भी उन्हे प्रभारी बनाया गया था जिसमें पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया। संगठन द्वारा उन्हे जो भी जिम्मेदारी दी जाती है उसका वे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते नजर आते हैं। वर्तमान में वे भाजपा की प्रदेश स्तरीय टीम में भी शामिल हैं आने वाले समय में नई कार्यकारणी में भी उन्हे प्रमुख जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

### पार्टी बना सकती है कोरबा लोकसभा से उम्मीदवार,राजधानी में चर्चा

अनुराग सिंहदेव जैसे संगठन के प्रति ईमानदार कार्यकर्ता को पार्टी कोरबा लोकसभा से उम्मीदवार बना सकती है इसकी चर्चा अब कोरबा लोकसभा समेत राजधानी रायपुर में भी हो रही है। अनुराग सिंहदेव ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भी काम किया है,वे परिचय के मोहताज नही है उनके लिए कार्यकर्ता भी एकमत होंगे तो वहीं एक स्वच्छ छवि का चेहरा मिलने पर जनता भी उन्हे हाथो हाथ लेगी। पार्टी यदि अनुराग सिंहदेव को कोरबा लोकसभा से मैदान में उतार देती है तो फिर एक नया समीकरण देखने को मिलेगा,इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढेगा। श्री सिंहदेव को यदि पार्टी मैदान में उतारती है तो इसका लाभ उसे अवश्य मिलेगा। बतलाया जाता है कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र इस बार पार्टी की विशेष प्राथमिकता में है और यहां से दर्जन भर से अधिका दावेदार हाथ पैर मार रहे हैं लेकिन उन सभी नेताओं में आपसी समन्वय नही है जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ता है। पिछ्ला चुनाव भी भाजपा प्रत्याशी ने इसी कारण हारा था।

### भाजपा में एक दर्जन से अधिक दावेदार

भाजपा के नेताओं को यह अच्छे से मालूम है कि भले ही उनकी कोई लोकप्रियता नही है लेकिन यदि चुनाव में टिकट मिल गया तो प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर जीत दर्ज किया जा सकता है इसलिए इस बार कोरबा लोकसभा सीट से भी दावेदारों की बाढ सी आ गई है। कोरबा के पूर्व महापौर जोगेश लांबा,वर्तमान नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, विकास महतो, देवेन्द्र पांडेय, रणविजय सिंह जूदेव, कोरबा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिंह समेत दो तीन और दावेदार कोरबा जिले से हैं जबकि योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल, डॉ.राकेश शर्मा, रेवा यादव, कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल एवं एमसीबी भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी भी अपनी दावेदारी कर रहे हैं। हलांकि इनमें से कई नेता ऐसे हैं जो कि सिर्फ चुनावी समय में कार्यकर्ताओं को पूछते हैं बाकी समय वे कार्यकर्ताओं से दूर भागते हैं।

### खत्म हो रहा राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का कार्यकाल,कोरबा से लड़ाने की अटकलें तेज

देश की राजनीति में अपनी पहचान बना चुकी सरोज पांडेय वर्तमान में राज्यसभा सांसद के रूप में कार्य कर रही हैं वे राजनीति के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखती हैं। वे एक साथ महापौर,विधायक व सांसद रहने का खिताब भी अपने नाम कर चुकी हैं। एक सशक्त महिला नेत्री के रूप में उनकी पहचान है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव,प्रवक्ता,राष्ट्रीय सचिव के रूप में भी उन्होने काम किया है साथ ही वे वे पार्टी में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष की भूमिका भी निभा चुकी हैं। समय समय पर उन्हे विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी दी जाती है जिसका वे बखूबी निर्वहन करती हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ से ही राज्यसभा सांसद के रूप में कार्य कर रही सरोज पांडेय का कार्यकाल अप्रैल 2024 में खत्म हो रहा है,एक बार फिर उन्हे राज्यसभा भेजा जाएगा इसकी संभावना कम ही नजर आ रही है। जिसके बाद सियासी गलियारें से खबर निकलकर आ रही है कि पार्टी इस बार कोरबा लोकसभा सीट से सरोज पांडेय जैसी नेत्री को भी चुनावी मैदान में उतार सकती है। इस खबर के बाद जहां अन्य दावेदारों के चेहरे पर मायूशी नजर आ रहा है तो वहीं कार्यकर्ता नए नाम को लेकर काफी उत्साहित हैं। भाजपा नेतृत्व इस सीट से यदि सरोज पांडेय को उतारती है तो सबसे पहला फायदा उसे यह होगा कि कोरबा संसदीय सीट को राष्ट्रीय स्तर पर एक नाम मिल सकेगा और दूसरा यह कि सरोज पांडेय के जुझारू पन के आगे विकास कार्य की दृष्टि से भी काफी मजबूती मिलेगी। साथ ही साथ गुटबाजी से लबरेज कोरबा जिले के नेताओं से कार्यकर्ताओं को छूटकारा मिल जाएगा। वैसे भी देखने में मिल रहा है कि राजनैतिक दृष्टि से कोरबा जिला अविभाजित कोरिया जिले की तुलना में काफी आगे है वहां के नेता कोरिया जिले को चारागाह की तरह समझते हैं और सिर्फ चुनावी समय में अविभाजित कोरिया का दौरा करते हैं उनके आगे कार्यकर्ताओं का भी कहीं मान सम्मान नही है। चुनावी समय में कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी जाती है बाद में उन्हे भूला दिया जाता है। जब से कोरिया जिला कोरबा लोकसभा में शामिल हुआ है तब से दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि हर बार कोरबा जिले के नेताओं को ही टिकट दिया गया है। इन बातो को ध्यान में रखते हुए पार्टी नेतृत्व को सरोज पांडेय जैसे नेत्री को ही मैदान में उतारा जाना सही होगा। कार्यकर्ता भी इस बार ऐसा नेतृत्व चाहते हैं जो कि कार्यकर्ताओं की पूछ परख रखता हो।

### अनुराग भी हुए प्रबल,मिल सकता है कोरबा लोकसभा से मौका

अनुराग सिंहदेव,सरगुजा संभाग से निकलकर छत्तीसगढ की राजनीति मे ध्रुव तारे की तरह अपनी एक अलग पहचान रखने वाला यह चेहरा किसी परिचय का मोहताज नही है,अंबिकापुर में कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति की शुरूआत करने वाला एक युवा तुर्क पूरे प्रदेश में इतनी पहचान अपने खुद के बल पर बना लेगा यह किसी से सोचा नही था लेकिन मेहनत के बल पर उसने इतना मुकाम हासिल किया कि आज भाजपा की राजनीति में भी उसने अपनी अलग छाप बना ली है,संगठन के ईमानदार सिपाही के बल पर यह युवा तुर्क आज पार्टी की बडे कार्यक्रम का हिस्सा बनता नजर आ रहा है। इस युवा तरूणाई को भाजपा ने अंबिकापुर से विधायक का चुनाव टीएस सिंहदेव जैसे दिग्गज नेता के खिलाफ लड़ाया था जिसमें पहले चुनाव में उसने टीएस सिंहदेव को कड़ी टक्क दी । चुनाव में हार भले ही मिली लेकिन उसके द्वारा तब से लेकर आज तक पार्टी के द्वारा दी जा रही जिम्मेदारियां ईमानदारी पूर्वक निभाई जा रही हैं। पार्टी के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए अब यह कयास लगाया जा रहा है कि अनुराग सिंहदेव जैसे दिग्गज नेता को कोरबा लोकसभा से मैदान में उतारा जा सकता है यदि पार्टी इस चेहरे पर दांव खेलती है तो इसका लाभ निश्चित ही मिलेगा।

## नवनियुक्त एसएसपी एमआर आहिरे ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर का किया पदभार ग्रहण



-संवाददाता-
सूरजपुर 07 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

जिले के नव नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने मंगलवार, 06 फरवरी 2024 को विधिवत पुलिस अधीक्षक सूरजपुर का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ एसएसपी सूरजपुर श्री आहिरे ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधिनस्थ थाना-चौकियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत हुए। उन्होंने बेसिंग पुलिसिंग को पुख्ता करने और अपराधों की रोकथाम और निराकरण करने की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। एम.आर.आहिरे वर्ष 1995 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी है और वर्ष 2010 में आईपीएस अवार्ड हुए। इसके पूर्व वे पुलिस अधीक्षक बीजापुर, गरियाबंद, कांकेर तथा नए जिला सक्ति के पहले ओएसडी और पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रहे है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल सहित सभी राजपत्रित अधिकारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए कलेक्टर ने दिये निर्देश

## निर्माण कार्य में अनियमितता पर ठेकेदारों की ली गई बैठक



-संवाददाता-
सूरजपुर 07 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

सीजीएमएससी निर्माण कार्य की वस्तु स्थिति पर संज्ञान लेने के लिये कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में सीजीएमएससी के उप अभियंता और निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदारों की बैठक रखी थी। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित ठेकेदारों को स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य, आमजन व लोकहित से जुड़ा होता है, निर्माण में अनियमितता विकास में बाधा बन रही है। उन्होंने उपस्थित ठेकेदारों को धीरे चल रहे निर्माण कार्यो में तेजी लाने के लिए और प्रारंभ कार्यो को सप्ताह भर के भीतर शुरु करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने उपस्थित जनों को स्पष्ट किया कि अधूरे व गुणवत्ताहीन कार्य की सतत मॉनेटरी और नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी।

निर्माणाधीन कार्यों में लापरवाही और लंबे समय से शुरू न किए जाने वाले कार्य पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में लापरवाही बरतने के लिए कुछ ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोंड़ के लंबे समय से बाधित कार्य के लिए ठेकेदार राहुल कुमार जायसवाल और 06 अप्रारंभ कार्य के लिए ठेकेदार आलोक सिंह को तत्काल कार्य से हटाने और संबंधित को ब्लैक लिस्ट करने के लिए, सीजीएमएससी के एमडी को प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए निर्देशित किया।



# अनियंत्रित हुई जेसेबी मशीनःचपेट में आई महिला और उसके 2 बच्चे





-संवाददाता-
कुसमी,07 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
शहर के मुख्य मार्ग में एक जेसीबी मशीन जैसे ही तहसील घाट से नीचे उतर रही थी की अचानक जेसीबी का इंजन बंद हो गया और फिर मशीन का ब्रेक फेल हो गया जिससे मुख्य मार्ग में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था जैसे- जैसे मशीन ढलान से उतरने लगी तो जेसेबी को देख लोग कांप गये लेकिन चालक नें मशीन का इंजन चालु करने की कोशिक किया पर इंजन चालु नही हुआ और सडक के किनारे एक महिला अपने 2 साल और 2 माह की बच्ची को लेकर सडक किनारे पर चल रही थी जो कि अनियंत्रित जेसीबी की चेपट में आये चपेट में आकर महिला को सिर सहित शरीर के अन्य जगह में चोट लगी वही 2 साल के बच्चे के सिर में हल्का चोट लगा वही अपनी माँ के गोद में बैठी 2 माह की बच्ची बाल बाल बच गई ,दरसल जानकारी के मुताबिक बता दे की सबाग से अंबिकापुर के एक ठेकेदार कि जेसीबी मशीन को चालक चलाकर कुसमी होते हुये राजपुर डामर प्लाट की ओर जा रहा था की अचानक जब कुसमी तहसील घाट से नीचे मुख्य सडक से जा रहा था की अचानक चलता हुया जेसीबी अचानक बंद हो गया फिर चालक नें इंजक को चालु करने की कोशिस की लेकिन इंजन चालु नही हुया और जैसे जैसे ढलान सडक से उतरने लगा तो चालक ने ब्रेक मारने की कोशिस की लेकिन ब्रेक भी मशीन का फैल हो गया जिससे चालक नें जेसीबी को अपने हिसाब से कंट्रोल करना चाहा लेकिन कंट्रोल नही हुआ और फिर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के सामने सडक के किनारे मनीषा बरगाह पति अनिल बरगाह अपने 2 साल के बच्चे और 2 माह की बच्ची के साथ गैस ऐंजीसी की ओर जा रही थी जो जेसीबी मशीन के चपेट में आ गई वही एक सडक के किनारे खडी स्कुटी भी जेसीबी के चपेट मे आकर टुट फुट गई, और फिर जेसीबी सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र का हथ्था तोडते हुये पलट गया,वही दुर्घटना में घायल हो गई महिला एवं उसके 2 साल के बच्चे को हल्की चोट आई लेकिन इस दुर्घटना में 2 माह की बच्ची भी शामिल थी जो कि बाल बाल बच गई दुर्घटना देख लोग सहम गये और वही लोगो नें कहा की यह तो भगवान का चम्तकार हि है की ऐसी दुर्घटना में माँ के गोद में बैठी बच्ची को किसी तरह की चोट नही लगी , दुर्घटना के बाद घायल महिला को तत्तकाल सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती कराया गया जहाँ पर ईलाज जारी था,दुर्घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुची और जेसीबी और चालक को अपने साथ ले गई और पुलिस दुर्घटना की जांच में जुट गई है।

# अंतर्राज्यीय मध्यप्रदेश से शराब परिवहन करने वाले दो व्यक्ति गिरफ्तार

## 20 पेटी गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब 1000 किया गया पाव जप्ती




-संवाददाता-
खड़गवां 07 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, अकित गर्ग,पुलिस अधीक्षक एम.सी.बी चन्द्रमोहन सिंह, के निर्देशानुसार अवैध शराब बिकी च परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश पर डीएसपी टी टोप्पो के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी खडगवां आर0 एन0 गुप्ता के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह,सउनि ओम प्रकाश जायसवाल, रामबाबू दोहरे, सुखलाल खलखो, आर. 173 रवि शर्मा, एवं सैनिक 382 विनय श्याम को दिनांक 05/02/2024 को रात्रि रोड पेट्रोलिंग गस्त के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ था कि एक सफेद रंग का बोलेरो क्र. सीजी 16सीपी 6618 में अंग्रेजी शराब अमलई मध्य प्रदेश तरफ से ग्राम जरौधा थाना खडगवा होकर पसान जिला कोरबा जा रहा है। जिसकी सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहो को साथ लेकर ग्राम जरौधा पुल के पास घेरा बंदी कर बोलेरो कं0 छ्त्त16छ्क्ष 6618 को रोककर नाम पता पूछने पर बालक द्वारा अपना नाम राजेश सिह एवं उसका साथी विरेन्द्र सिह मरावी साकिन सा0 ग्राम मुडा गडियाटोला थाना जैतहरी जिला अनुपपुर म0 प्र0 का रहने वाला बताया और शराब दुकान अमलई से शराब लेकर सीरी पीपरिया थाना पसान जिला कोरबा बिकी करने ले जाना बताया जिसे विधिवत वाहन का तलाशी लेने पर बोलेरो के पोछे सीट में कुल 20 पेटी गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 नग कुल 1000 पाव 180 लीटर किगत लगभग 110000 रूपये का होना पाया गया। आरोपीयों को नोटिस देकर शराब बिकी करने या परिवहन करने का पास परमिट चाहा गया जो पास परमिट नही होना बताने पर आरोपीयों कब्जे से उक्त शराब एवं एक बोलेरो क्र. सीजी 16सीपी 6618 किमत लगभग 1000000 रूपये कुल जुमला किमत 1110000 रु0 का गवाहों के समक्ष जप्ती कार्यवाही किया गया। आरोपीयों के विरुद्ध अपराध सदर धारा 34(2) 59 (ए), 42 आब एक्ट का घटित करना सबूत पाए जाने से आरोपी दया साहू एवं एजाज खान विधिवत गिरफ्तार कर आरोपीयों के विरुद्ध अप0 क0 45/2024 धारा 34(2) 59 (ए), 42 आर.एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपीयों को रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही ने थाना प्रभारी खडगवा आर0 एन0 गुप्ता, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह सउनि ओम प्रकाश जायसवाल, रामबाबू दोहरे, सुखलाल खलखो, आर 173 रवि शर्मा, एवं सैनिक 382 विनय श्याम का सराहनीय योगदान रहा।



# सभी केंद्रों में एसडीएम एवं तहसीलदार ने रात को किया आकस्मिक निरीक्षण

**मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के दिए निर्देश**

**स्वास्थ्य अमला को समय पर उपस्थिति रहने दी गई है हिदायत**

-संवाददाता-
जशपुरनगर 07 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने एवं जरूरतमंद मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एसडीएम, तहसीलदार एवं रेवेन्यु विभाग के अधिकारियों द्वारा द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों का रात्रि कालीन समय आकस्मिक निरीक्षण किया गया और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जायजा ली गई। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में गार्ड की अनुपस्थिति के साथ ही चिल्ड्रन वार्ड में स्टाफ नर्स काउण्टर में नहीं पाया और फिमेल वार्ड का मुख्य कक्ष अव्यस्थित पाए जाने पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं साथ ही भविष्य में इस प्रकार की अव्यस्थाएं दृष्टिगोचर न हो इस का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र घोलेंग में ड्यूटी रोस्टर का अद्यतन न होना, रात्रि ड्यूटी में आर.एसम.ए.का उपस्थित न होना, दवाई शाखा अव्यवस्थित, एक भी मरीज का भर्ती न होना, माह जनवरी में केवल 02 डिलीवरी एवं 01 आई.पी.डी. दर्ज होना पाया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोलेंग के ग्रामीण चिकित्सा सहायक अनुपस्थित पाए जाने पर अनुपस्थिति होने के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी प्रकार राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा, फरसाबहार और पत्थलगांव तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंजारा, घाघरा, लुड़ेग, तपकरा, के औचक निरीक्षण में समस्त स्टाफ अनुपस्थित पाये जाने पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारियों को लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिस केन्द्रों में उपस्थित पंजी और औषधि पंजी संधारण नहीं होना पाया गया। उस केन्द्र में व्यव्यस्थित कर समस्त पंजी संधारण करने के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण दौरान अनुपस्थित पाए गए स्वास्थ्य कर्मियों को अनुपस्थित होने के संबंध में अपना जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही भविष्य में इस प्रकार पुर्नावृति किए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही गई है। इस दौरान डॉक्टरों की उपस्थिति, चिकित्सा अमला की उपस्थिति, दवाई की उपलब्धता, ओपीडी,चिकित्सा केंद्र में मिल रहे सुविधाओं की जानकारी, मरीजों की संख्या, साफ सफाई, एंबुलेंस व्यवस्था, प्रसूति की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक-दिशा देते हुए मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। साथ ही सभी चिकित्सा अमला को स्वास्थ्य केन्द्रों में समय पर उपस्थिति होने की कड़ी हिदायत दी गई है। जिससे मरीज को किसी प्रकार के परेशानी ना हो।

# जिला पुलिस कप्तान सिद्धार्थ तिवारी ने पत्रकारों से की भेंट मुलाकात

-संवाददाता-
कोरबा 07 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
जिले में बतौर 40 वे पुलिस कप्तान सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस अधीक्षक की कमान संभालने के बाद जिले के पत्रकारों के साथ की बैठक । इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया के ऊंच शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात वे इंटरनेशन न्यूज एजेंसी में बतौर जर्नलिस्ट कार्य किए तत्पश्चात वे सिविल सर्विसेस की परीक्षा उत्तीर्ण कर आईपीएस ज्वाइन किया । उन्होंने इस दौरान जिले के कमान संभालने के बाद अपने कार्यो की प्राथमिकता को बताते हुए कहा की वे बेसिक पुलिसिंग पर कार्य करते हुए जनता का पुलिस पर विश्वास बरकरार रहे उसपर विशेष ध्यान रखेंगे साथ ही, पुलिस द्वारा समाज के बेहतरी के लिए जो कार्य किया जा रहा है, वे उन्हें आगे भी जारी रखेंगे,साथ ही उन्होंने पत्रकारों से भी कहा के समय समय पर पुलिस के द्वारा समाज के बेहतरी के लिए जो कार्य किए जा रहे है उसे और बेहतर कैसे किया जाए उसे बताएं, जिसपर विचार कर अमल किया जा सके। इस दौरान पुलिस महकमा में कार्यरत कर्मचारियों को लेकर कहा के पुलिस परिवार से जुड़े लोगों के बेहतरी के लिए जो भी कार्य करना होगा, वे उसे यथा संभव पूरा करेंगे ।



उन्होंने कहा के शहर के अंदर एवं बाहर के सड़कों में जो जाम की स्थिति निर्मित हो रही है उसका विभागीय बैठक लेकर जल्द से जल्द निराकरण करेंगे । इस दौरान पुलिस कप्तान श्री तिवारी ने आम नागरिकों से अपील की के, साइबर ठगों के झांसे में न आए और प्रलोभन वाले विज्ञापनों से दूर रहे साथ ही साइबर ठगी होने के स्थिति में निकटवर्ती पुलिस स्टेशन में इसकी जानकारी दे, जिससे समय रहते संबंधित व्यक्ति को किसी भी नुकसान होने से बचाया जा सके और आरोपी पर कार्यवाही किया जा सके। इस पत्रकार भेंट मुलाकात के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, सी.एस.पी दर्री सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मौजूद थे ।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन

-संवाददाता-
सूरजपुर, 07 फरवरी 2024 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, में दिए गए प्रावधान के अनुसार पूर्व से स्वीकृत, प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण में स्वीकृत शहरी क्षेत्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 01 एवं ग्रामीण क्षेत्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 01 पद रिक्त है। पद पूर्ति के लिए मानसेवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्त किये जाने हेतु पात्रताधारी महिला उम्मीदवारों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना सूरजपुर के कार्यालय में 06 से 20 फरवरी तक शाम 05.30 बजे तक आमंत्रित किया जाना है। आवेदन पत्र स्वयं, प्रतिनिधि भेजकर, डाक से भेजकर जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। शहरी क्षेत्र आ.बा. कार्यकर्ता नियुक्ति पद के लिए परियोजना सूरजपुर सेक्टर विश्रामपुर ग्रामिण के लिए आंगनबाडी केन्द्र भगतसिंह वार्ड वन बी कालोनी-2 के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का रिक्त पद है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र आ.बा. कार्यकर्ता नियुक्ति पद के लिए परियोजना सूरजपुर सेक्टर सूरजपुर-02 के लिए आंगनवाडी केन्द्र नयनपुर गौदियापारा के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का रिक्त पद है। इच्छुक आवेदिका रिक्त पद पर आवेदन कर सकते हैं।

# कोरबा लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पर्यवेक्षक दल ने ली बैठक

-संवाददाता-
कोरबा,07 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर भाजपा लोकसभा कार्यालय कोरबा में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी, मुंगेली विधायक श्री पुन्नू लाल मोहले एवं पूर्व विधायक श्री सौरभ सिंह ने कोरबा लोकसभा की बैठक ली । इस दौरान भूपेंद्र सवन्नी ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ को मजबूती प्रदान करने की बारीकियों से अवगत कराया, साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियों सहित



अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों तक पहुंचाने पर जोर दिया । उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की गारंटी लगातार पूरी हो रही है, जिससे देश की जनता को आर्थिक संबल मिल रहा है. मोदी सरकार को इस बार 400 पार करने का संकल्प हम सभी जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना है । जनता जान चुकी है कि फिर आयेगी मोदी सरकार तभी हमारा भारत देश विश्व गुरु बनने रहेगा तैयार । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री पुन्नूलाल मोहले एवं श्री सौरभ सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। कोरबा लोकसभा स्तर पर आयोजित इस बैठक में मुख्य रूप से कोरबा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले चार जिलों एवं आठ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अपेक्षित कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश पदाधिकारी / कार्यसमिति सदस्य, विधायक / पूर्व विधायक, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष / महामंत्री प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक / सहसंयोजक, भाजपा जिला अध्यक्ष / महामंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष / उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष / नगर पंचायत अध्यक्ष / नेता प्रतिपक्ष / उपाध्यक्ष/नेता प्रतिपक्ष नगर निगम उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय**
**मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ0ग0)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित रायपुर जिले के विकासखंड-आरंग की ग्राम-नरसिंहपुर घोट (खपरी) के पतालू नाले में स्टाप डेम निर्माण कार्य की ऑनलाईन सिस्टम निविदा क्रमांक 150060/निविदा सूचना क्रमांक 23/वलेलि/2023-24, रायपुर दिनांक 19/12/2023 द्वारा प्रथम आमंत्रण किया गया था। उक्त निविदा में मुख्य अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, अटल नगर, नवा रायपुर के पृ.क्र.4262950/निविदा प्रकोष्ठ/2023/10989 (TC) नवा रायपुर, दिनांक 31/01/2024 के कार्यवाही विवरण में प्रथम आमंत्रण में केवल एक ही निविदाकार को योग्य पाये जाने के कारण प्रतिस्पर्धा का अभाव एवं एकल निविदा की स्थित निर्मित होने से पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र. 06546
दिनांक 21/12/2023
जी नंबर-07573/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन सम्भाग, रायपुर (छ.ग.)
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, छ0ग0**
रा0प्र0क्र0 /अ-20(1)/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो0 इमरान कुरैशी आ0 स्व0 अब्दुल जब्बार करैशी एवं अन्य-4 सभी निवासी गुरूद्वारा वार्ड नंबर-36 मोहल्ला मायापुर अम्बिकापुर के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला कौवाडाड़ नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट 1545/1 रकबा 05 एकड़ के स्थान पर रकबा 0.02 1/2 दर्ज हो जाने के कारण उसे सुधार कर रकबा 05 डिसमिल/0.05 एकड़ दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दनांक 24/02/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 24/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, छ0ग0**
रा0प्र0क्र0 /अ-20(3)/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलवंत राय अग्रवाल पिता स्व0 जातिराम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी विश्रामपुर वार्ड नंबर-01 शिवनंदनपुर उर्फ ओमकार बहरा जिला-सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की मोहल्ला मणिपुर नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-10 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 4187/3 रकबा 0.008 आर्स को अनावेदिका श्रीमती मोना गर्ग पत्नी विपिन गर्ग जाति अग्रवाल निवासी शासकीय जिला अस्पताल के पास मणिपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास बिक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दनांक 26/02/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 02/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, छ0ग0**
रा0प्र0क्र0 /अ-20(3)/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार गोयल पिता ज्योति प्रसाद गोयल जाति अग्रवाल निवासी विश्रामपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की मोहल्ला मणिपुर नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-10 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 4187/6 रकबा 0.008 आर्स को अनावेदिका श्रीमती मोना गर्ग पत्नी विपिन गर्ग जाति अग्रवाल निवासी शासकीय जिला अस्पताल के पास मणिपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास बिक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दनांक 26/02/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 02/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा छ0ग0**
रा0प्र0क्र0 202402021700028/ अ-21/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय मण्डल आ0 अमल मण्डल, व अन्य 04, निवासी ग्राम चठिरमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की ग्राम चठिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 335/1 रकबा 1.830 हे0 में से रकबा 0.140 हे0 आवेदकगण के ईलाज एवं निजि कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक कृष्ण कान्त पटेल आ0 रामबदन पटेल, निवासी ग्राम भटगांव, तहसील भटगांव, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) रू 12,50,000/- (बारह लाख पचास हजार रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्ट महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार, उदयपुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 202401021900022/अ-21/2023-24
ग्राम-पुटा, प0ह0नं0 18

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण जगसाय आ0 बुधराम, श्रीमती भुली बाई पति बुधराम दोनों जाति मझवार निवासी ग्राम पुटा तहसील उदयपुर द्वारा भूमि विक्रय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम-पुटा, तहसील उदयपुर में आवेदकगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि कुल खसरा नंबर 17 कुल रकबा 2.120 हे0 स्थित है। उक्त भूमि में से ख0नं0 322 रकबा 0.320 में से रकबा 0.162 हे0 को अनावेदक तेज कुमार तिर्की आ0 पुरनसाय तिर्की, जाति उरांव, निवासी उदयपुर तहसील उदयपुर के पास राशि रू0 2,10, 000.00 (शब्दों में-दो लाख दस हजार रूपये) में सौदा तय किया जाकर रू0 1,50,000.00 (शब्दों में - एक लाख पचास हजार रूपये) अग्रिम रूप में प्राप्त कर लिये है तथा शेष रू0 60,000.00 (साठ हजार रूपये) विक्रय पत्र निष्पादन के पूर्व प्राप्त करेगे। आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि को अपने पुत्र पुत्रियों के शादी में साहूकारो के लिए कर्ज को चुकान तथा आय को कोई अन्य स्त्रोत नहीं होने एवं रूपयों की सख्त आवश्यकता होने से भूमि का विक्रय किया जा रहा है। आवेदकगण द्वारा आवेदित भूमि विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा की प्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, तलवाना की प्रति, एवं सेटलमेंट की छायाप्रति सहित न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0), उदयपुर के समक्ष अधिवक्ता श्री के0पी0 मिश्रा के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। जिसमें जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 16/02/2024 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
उदयपुर, सरगुजा

# आयरलैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की



**नई दिल्ली,07 फरवरी 2024।** आयरलैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी आगामी बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए अपनी टेस्ट और सफेद गेंद श्रृंखला टीम की घोषणा की।

तेज गेंदबाज मैथ्यू फोस्टर उन अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्हें 2019 में अफगानिस्तान रेड बॉल श्रृंखला के लिए नामित किया गया था।

बैरी मैक्कार्थी, थियो वैन वोर्कोम और क्रेग यंग भी 28 फरवरी से अबू धाबी में शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट में एंड्रयू बालबर्नी के नेतृत्व में पदार्पण करने की दौड़ में हैं। टेस्ट खेल के समापन के बाद, दोनों टीमें तीन मैचों की एकदिवसीय और टी20ई श्रृंखला में शामिल होंगी, जहां पॉल स्टर्लिंग दोनों प्रारूपों में आयरलैंड का नेतृत्व करेंगे।

हमने पिछले दशक में दुनिया के इस हिस्से में काफी क्रिकेट खेला है, इसलिए खिलाड़ियों के लिए परिस्थितियां कुछ हद तक परिचित होनी चाहिए ङ्क भले ही, मुख्य रूप से सफेद गेंद के प्रारूप में। हालांकि 12 सप्ताह का अंतर रहा है, आयरलैंड के चयनकर्ता एंड्रयू व्हाइट ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा, टीम को दिसंबर में जिम्बाब्वे के सफल दौरे से इस श्रृंखला में कुछ आत्मविश्वास और गति लानी चाहिए। बड़ी गर्मियों से पहले हमारी तैयारियों में यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है, जिसमें टी20 विश्व कप भी शामिल है। यह हमेशा एक बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता होती है और मुझे उम्मीद है कि यह एक कड़ी टक्कर वाली श्रृंखला होगी ङ्क मैं ऐसा ही हूं आगे देख रहा हूं, उन्होंने आगे कहा।

**टेस्ट टीम:** मार्क अडायर, एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), कर्टिस कैंपर, जॉर्ज डॉकरेल, मैथ्यू फोस्टर, ग्राहम ह्यूम, एंडी मैकब्राइन, बैरी मैककार्थी, जेम्स मैककोलम, पीजे मूर, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, थियो वैन वोर्कोम, क्रेग युवा।

**एकदिवसीय टीम:** मार्क अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, मैथ्यू फोस्टर, ग्राहम ह्यूम, एंडी मैकब्राइन, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, थियो वैन वोर्कोम, क्रेग युवा।

**टी20आई टीम:** मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, नील रॉक, पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग .

## ऋषभ पंत की वापसी पर रिकी पोंटिंग ने दिया बड़ा अपडेट



**नई दिल्ली,07 फरवरी 2024।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋ षभ पंत का साल 2022 के आखिर में गंभीर कार एक्सीडेंट हुआ था। तब से वह अपनी चोटों से उभरने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं उनका आई गंभीर चोटों को देखकर ऐसा लग रहा था कि पंत के लिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी बेहद मुश्किल होगी, लेकिन अब उनकी वापसी को लेकर बड़ा अपडेट आया है।

दर असल, आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि पंत पूरी तरह से कॉन्फिडेंट हैं कि वह आईपीएल 2024 पूरा सीजन खेल लेंगे। पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं और आईपीएल 2023 में वह टीम से बाहर ही थे। दिल्ली कैपिटल्स में पंत और पोंटिंग की केमेस्ट्री काफी दमदार है। इस दौरान पोंटिंग ने साथ ही ये भी कहा कि पंत टीम में वापसी करेंगे लेकिन कप्तानी करेंगे या नहीं, अभी ये कह पाना मुश्किल है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के मुताबिक रिकी पोटिंग ने कहा, ऋषभ पंत पूरी तरह से कॉन्फिडेंट है कि आईपीएल 2024 पूरा खेलना उसके लिए सही होगा। लेकिन वह क्या-क्या कर पाएगा, इसको लेकर अभी हम शेयर नहीं हैं। आपने सोशल मीडिया पर सारीज चीजें देखी हैं, वह अब खड़ा हो चुका है और दौड़-भाग रहा है। लेकिन आईपीएल 2024 शुरू होने में महज 6 हफ्ते शेष हैं। तो अभी हम इस बात को लेकर श्योर नहीं है कि क्या वह विकेटकीपिंग करेगा? लेकिन मैं एक बात की गारंटी देता हूं कि मैं अगर उससे अभी पूछूंगा तो वह यही कहेगा मैं हर मैच खेलूंगा, हर मैच में विकेटकीपिंग करूंगा और मैं नंबर-4 पर बैटिंग करूंगा। वह ऐसा ही है, लेकिन हमें अपने फिंगर क्रॉस रखने चाहिए।

## 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले टॉप 100 में जगह बनाना चाहते हैं सुमित



**नई दिल्ली,07 फ रवरी 2024।** टॉप भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कहा कि इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले उनका ध्यान फिट रहने और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने पर है। दरअसल, हरियाणा के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को अतीत में कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है। वह चोट के कारण 2018 में अमेरिकी ओपन क्वालीफाइंग में नहीं खेल पाए थे। उसके बाद उन्हें 2021 में कूल्हे में चोट लगी और उसी साल नवंबर में सर्जरी करानी पड़ी। नागल ने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में बातचीत के दौरान पीटीआई के एक सवाल के जवाब में कहा कि, फिट रहना मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। दूसरा (लक्ष्य) ओलंपिक में खेलना होगा जो एक अच्छा अहसास होगा। लेकिन इसके लिए आपको टॉप 100 में रहना होगा। वहीं नागल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। वर्तमान में एटीपी एकल रैंकिंग में 121वें स्थान पर मौजूद नागल को शीर्ष 100 में जगह बनाने का भरोसा है। नागल ने कहा, यह(ओलंपिक क्वालीफिकेशन) तभी संभव होगा जब मैं मैच जीतता रहूंगा।

## रोहित को खराब फॉर्म के कारण आईपीएल कप्तानी से हटाया

### कोच बाउचर बोले-अब वह बिना प्रेशर के बैटिंग करेंगे,हार्दिक शानदार लीडर



**मुंबई ,07 फरवरी 2024।** मुंबई इंडियंस के कोच मार्क बाउचर ने कहा कि रोहित शर्मा अपनी बैटिंग पर फोकस कर सके, इसलिए उन्हें कप्तानी से हटाया गया। रोहित पिछले 2 सीजन से रन नहीं बना सके, वह अब बिना प्रेशर के बैटिंग कर सकेंगे।

एमआई ने हार्दिक पंड्या को गुजरात टाइटंस से ट्रैड कर अपनी टीम में शामिल किया था। फिर पिछले साल दिसंबर में ऑक्शन के पहले रोहित को कप्तानी से हटाया और हार्दिक को नया कप्तान बना दिया। मार्क बाउचर ने बैंटर विद द बॉय्स पॉडकास्ट में खुलासा किया कि रोहित को कप्तानी से हटाना मैनेजमेंट का फैसला था। ताकि वह बैटिंग से टीम के लिए बेस्ट दे सकें।

### भारत में बहुत इमोशनल हैं फैंस

बाउचर बोले, भारत में क्रिकेट फैंस बहुत इमोशनल हैं। वह रोहित को कप्तानी से हटाए जाने के फैसले से गुस्सा हो गए। लेकिन फ्यूचर को देखते हुए यह एक अच्छा फैसला था। मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी और एक इंसान के रूप में रोहित अब बेहतर परफॉर्म कर पाएंगे। वह बगैर प्रेशर के बैटिंग को एंजॉय करेंगे और टीम के लिए रन बना सकेंगे।

बाउचर ने कहा, हमने ट्रैडिंग विंडो से हार्दिक को वापस टीम में शामिल कर लिया। वह खुद भी एक मुंबई इंडियंस बॉय हैं। वह दूसरी फ्रेंचाइजी में गए, वहां उन्होंने टीम को चैंपियन बनाया और दूसरे सीजन भी फाइनल तक पहुंचाया। इसी से साफ है कि उनकी लीडरशिप स्किल्स शानदार हैं।

एमआई मैनेजमेंट ने हार्दिक को 2023 के ऑक्शन से पहले 15 करोड़ रुपए में गुजरात से ट्रैड कर लिया। एमआई ने गुजरात को इसके लिए 15 करोड़ रुपए देने के साथ अलग से रकम भी दी। ऑक्शन से पहले ही मैनेजमेंट ने रोहित को हटा कर हार्दिक को कप्तान भी बना दिया।रोहित खिलाड़ी के रूप में ज्यादा अच्छा खेलेंगे बाउचर ने कहा, पिछले 2 सीजन से रोहित का फॉर्म अच्छा नहीं रहा। वह बैट से कुछ खास परफॉर्म नहीं कर सके लेकिन उनकी कप्तानी शानदार रही। वह सालों से कप्तानी कर रहे हैं, मुंबई और भारत के लिए उन्होंने शानदार कप्तानी की है। मैदान में उतरते ही वह अपने प्लेयर्स और स्ट्रैटजी पर फोकस हो जाते हैं।

हमने मुंबई इंडियंस ग्रुप से बात करने के बाद उन्हें कप्तानी से हटाने का फैसला किया। हमें लगता है कि उनका बेस्ट निकालने का यही सही तरीका है।हमें प्लेयर के रूप में रोहित की जरूरत है। हमें विश्वास है कि कप्तानी नहीं रहने से वह शानदार प्रदर्शन करेंगे। रोहित भारत की कप्तानी तो करेंगे ही लेकिन आईपीएल में अब वह इस प्रेशर के बिना खेलने उतर सकेंगे। हो सकता है हमें अब रोहित का बेस्ट देखने को मिले।

### पिछले 2 सीजन में रोहित का फॉर्म खराब

रोहित पिछले 2 आईपीएल सीजन में महज 20 की औसत से 600 रन बना सके। उनका स्ट्राइक रेट भी 126.84 का रहा। उनकी कप्तानी में टीम ने 2020 में आखिरी बार आईपीएल जीता। टीम 2021 और 2022 में प्लेऑफ के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर सकी। 2023 में टीम ने टॉप-4 टीमों में जगह बनाई लेकिन क्वालिफायर-2 में टीम को गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ गया।

रोहित शर्मा आईपीएल 2022 और 2023 में महज 20 की औसत से रन बना सके।

## वरुण कुमार पर नाबालिग से बलात्कार का आरोप

**बेंगलुरु,07 फ रवरी 2024।** भारत के हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार के खिलाफ यौन उत्पीड़न से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत बेंगलुरु में एक प्राथमिकी दर्ज की गई, जिस पर शादी के बहाने एक नाबालिग से कथित तौर पर बलात्कार करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता को वर्ष 2016-17 में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा वॉलीबॉल के लिए चुना गया था और वह भारतीय खेल प्राधिकरण के साउथ डिवीजन में प्रशिक्षण ले रही थी। पीड़िता के अनुसार, 2021 अर्जुन पुरस्कार विजेता ने कथित तौर पर उससे शादी करने का वादा किया था और जब वह 17 साल की थी, तब उसके साथ शारीरिक संपर्क किया था। अपनी शिकायत में, पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से वरुण के संपर्क में आई और उसने बताया कि, 2019 में, उसे रात के खाने के बहाने जयनगर ले जाया गया और जबरन शारीरिक संपर्क बनाया गया।

## टेस्ट में इंग्लैंड 'भारत पर कड़ा प्रहार करेगा',ब्रेंडन मैकुलम ने दी चेतावनी



**ब्रिसबेन,07 फरवरी 2024।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने पिछले हफ्ते विजाग में दूसरा मैच हारने के बाद भारत को चेतावनी दी है कि उनके खिलाड़ी राजकोट टेस्ट में उन पर 'कड़ा प्रहार' करेंगे।मेहमान टीम ने अपने भारत दौरे की शानदार शुरुआत की और हैदराबाद में पहला टेस्ट जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।लेकिन यशस्वी जयसवाल, जसप्रित बुमरा और शुबमन गिल सहित कुछ अन्य की प्रतिभा की बदौलत मेजबान टीम ने वापसी की और अगले गेम में सीरीज बराबर कर ली।

दोनों टीमों के खिलाड़ी अब 15 फरवरी से तीसरा टेस्ट खेलने के लिए एकजुट होने से पहले 10 दिनों के छोटे ब्रेक का आनंद लेंगे।इंग्लैंड की टीम अपने परिवार के साथ बुधवार को अबू धाबी जाएगी, जबकि भारतीय खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल होने से पहले कुछ दिनों के लिए घर जाने की अनुमति दी गई है।

बहुत अधिक प्रशिक्षण नहीं होगा। हमारे पास बहुत सारे प्रशिक्षण दिवस, दो टेस्ट हैं, और यह लड़ाई की गर्मी से दूर जाने का एक अवसर है। मैं राहुल द्रविड़ भारत के मुख्य कोच] से बात कर रहा था और उन्होंने कहा कि उनके सभी लड़के घर पर भी शूटिंग कर रहे हैं।मैकुलम ने संवाददाताओं से कहा, हमारे लिए घर थोड़ा दूर है इसलिए हमने अबू धाबी को चुना और हम परिवारों का आनंद लेने जा रहे हैं (हमारे साथ)। फिर जब हम राजकोट पहुंचते हैं, तो हम कंधे छोड़ देते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं।

## कुरेन,साल्ट आईएलटी 20 में डेजर्ट वाइपर में शामिल होने के लिए तैयार

**दुबई,07 फरवरी 2024।** इंग्लैंड के क्रिकेटर सैम कुरेन और फिल साल्ट इस सीज़न के इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के बिजनेस के अंत के लिए डेजर्ट वाइपर्स के साथ जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह जोड़ी पाकिस्तान सुपर लीग की शुरुआत से पहले शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान और आजम खान को खोने वाले वाइपर के साथ जगह बनाएगी, जबकि वानिंदु हसरंगा अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी के लिए श्रीलंका लौट आए हैं।

यह जोड़ी दक्षिण अफ्रीका में एसए20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दुबई पहुंच रही है फिल प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए और सैम एमआई केपटाउन के साथ और जब शॉर्ट-फॉर्म क्रिकेट की बात आती है तो दोनों अपने साथ असाधारण सीवी लाएंगे। जब इंग्लैंड ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया में आईसीसीटी20 विश्व कप जीता, तब सैम टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे, और संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए नए वाइपर टीम के साथी बास डी लीडे के साथ और केवल हसरंगा से पीछे, जिन्होंने 15 विकेट लिए।

पुरुषों के ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड के लिए छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज सैम को 2022 के अंत में इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने खरीद लिया। फिल के पास 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग का भी अनुभव है, और पिछले साल दिसंबर में कैरेबियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की पांच मैचों की ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान दो शतकों के साथ क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी थी।



दाएं हाथ का यह बल्लेबाज, जो एक मान्यता प्राप्त विकेटकीपर भी है, का ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट 165.97 है और सैम की तरह, 2022 में इंग्लैंड की टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा था। फिल वाइपर का दूसरा वाइल्डकार्ड चयन बन जाएगा। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के 2023 संस्करण के लिए इंग्लैंड के साथी बल्लेबाज डैन लॉरेंस से आगे। वाइल्डकार्ड इस सीज़न के लिए एक नया विकास है, जिसमें प्रत्येक फ्रेंचाइजी को दो वाइल्डकार्ड खिलाड़ियों को चुनने की अनुमति दी गई है, जिससे टीम की सीमा 24 खिलाड़ियों तक बढ़ गई है, जबकि खर्च सीमा को 250,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाया गया है। वाइल्डकार्ड खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में किसी भी समय टीमों द्वारा लाया जा सकता है, लेकिन एक बार तैयार होने के बाद उन्हें बदला नहीं जा सकता। अनुबंधों पर टिप्पणी करते हुए, डेजर्ट वाइपर के क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने कहा हमें वाइपर टीम में सैम और फिल का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

दोनों खिलाड़ी असाधारण ट्वेंटी 20 रिकॉर्ड के साथ अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन करने वाले साबित हुए हैं और वे हमारी टीम में एक अतिरिक्त आयाम जोड़ देंगे। मैं मैं सैम को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं, मैंने द हंड्रेड में ओवल इनविंसिबल्स के लिए उनके साथ काम किया है और मैं जानता हूं कि वह बल्ले, गेंद और मैदान में किस तरह की गुणवत्ता पेश करते हैं।

वह महत्वपूर्ण समय पर बड़े खेलों में शामिल होना पसंद करते हैं और हम इसी तरह का रवैया अपनाते हैं। हमारे खिलाड़ियों से चाहते हैं। फिल विश्व क्रिकेट में शीर्ष क्रम पर सबसे रोमांचक खिलाड़ियों में से एक बन गया है, जैसा कि उसने दिसंबर में इंग्लैंड के साथ कैरेबियन में दिखाया था, और वह एक उत्कृष्ट विकेटकीपर भी है और इसलिए हमें उस संबंध में विकल्प प्रदान करता है। हम इस सीज़न में वाइपर के साथ अपने समय के दौरान शाहीन, आज़म, शादाब और वानिंदु के प्रयासों के लिए आभारी हैं। वे चारों टीम में शानदार थे, उन्होंने हमें मैदान के अंदर और बाहर बहुत कुछ दिया। वे शानदार टीम के खिलाड़ी थे और यह था उन्हें हमारे साथ पाकर खुशी हुई, उन्होंने आगे कहा।

## इस एक्टर को सुननी पड़ीं गालियां,बताई आपबीती

टीवी एक्टर करण वाही को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। करण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी है कि उन्हें एक अनजान व्यक्ति ने सड़क पर गालियां दीं और बदतमीजी की। इस मामले को लेकर करण पुलिस के पास पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी देते हुए लेटेस्ट अपडेट भी दिया।



करण ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी में इस पूरे मामले के बारे में बताया कि घटना उस वक्त की जब मैं अपनी कार से जा रहा था और मैंने एक सही कट लिया क्योंकि मेरे आगे एक और गाड़ी चल रही थी। इस दौरान एक स्कूटी सवार व्यक्ति मेरी कार के नजदीक आया और मुझे गालियां देते हुए बोला की कट कैसे मारा। इसके बाद वह बदतमीजी की सारी हदें पार करता गया और मुझे बोला की तेरे जैसे दो कौड़ी के टीवी एक्टर बहुत देखे हैं। मैंने उसकी स्कूटी की चाबी ले ली, लेकिन सीन न बढ़े तो मैंने उसे वापस कर दी।

इसके बाद भी वह मेरा पीछा करता रहा और आखिर मैंने एक पुलिस स्टेशन पर अपनी कार रोकी और मामले की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस ने मामला सुलझा दिया है और मैं पूरी तरह से सुरक्षित हूं। फैंस करण को सीरियल 'दिल मिल गए' में डॉक्टर सिद्धांत मोदी के रूप में खास तौर से याद रखते हैं। करण कई सीरियल और रियलिटी शो में काम कर चुके हैं। करण 12 फरवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम होने वाली कोर्ट रूम ड्रामा वेब सीरीज 'रायसिंघानिया वर्सेज रायसिंघानिया' में नजर आएंगे।

## रश्मिका मंदाना ने 4 करोड़ से ज्यादा चार्ज करने की खबरों को खारिज किया



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी नवीनतम फिल्म एनिमल की सफलता के बाद अपनी फीस बढ़ाने की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री को संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए दर्शकों और फिल्म समीक्षकों से मिश्रित समीक्षा मिली है। यह भी खबर आई थी कि रश्मिका ने अपनी फीस बढ़ा दी है और वह प्रति फिल्म 4 से 4.5 करोड़ रुपये चार्ज करेंगी।हालांकि, मंगलवार (6 फरवरी) को अभिनेत्री ने एक्स पर एक फिल्म पोर्टल की पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि ये खबरें सच नहीं हैं। अफवाहों पर पलटवार करते हुए, रश्मिका ने लिखा, ÷मुझे आश्चर्य है कि कौन कहता है यह सब देखने के बाद मुझे लगता है कि मुझे वास्तव में इस पर विचार करना चाहिए.. और अगर मेरे निर्माता पूछते हैं कि क्यों.. तो मैं बस यही कहूंगी 'मीडिया' वहाँ सर यह कह रहे हैं.. और मुझे लगता है कि मुझे उनकी बातों पर खरा उतरना चाहिए.. मैं क्या करूँ?÷ एनिमल प्रतिशोध और हिंसा की पृष्ठभूमि में एक अमीर पिता और उसके अपरिपक्व बेटे के बीच के जटिल रिश्ते की पड़ताल करता है। रणबीर कपूर और रश्मिका के साथ, फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल, तृप्ति डिमरी, चारु शंकर, सलोनी बत्रा, अंशुल चौहान, सिद्धांत कार्निक, शक्ति कपूर, सुरेश ओबेरॉय और प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार शामिल हैं।

## नेहा ने अंगद को रोमांटिक अंदाज में किया बर्थडे विश



एक्ट्रेस नेहा धूपिया के पति एक्टर अंगद बेदी आज मंगलवार (6 फरवरी) को अपना 41 वां जन्मदिन मनाई। इस मौके पर अंगद को फैंस और साथी कलाकार बधाइयां देने में लगे हुए हैं। नेहा ने भी अंगद को स्पेशल स्टाइल में विश किया है। उन्होंने रोमांटिक फोटो के साथ एक नोट भी लिखा है। पहली तस्वीर में नेहा अपनी पति संग किस करती दिख रही हैं। दूसरी तस्वीर में नेहा आंख बंद कर अंगद की बाहों में हैं और फिर उन्हें गालों पर किस कर रही हैं।

नेहा ने लिखा, हैप्पी बर्थडे मेरे प्यारे पार्टनर, मेरे रूममेट और मेरे चेकमेट, आपको ढेर सारा प्यार। नेहा की पोस्ट पर अरोड़ा सिस्टर्स मलाइका और अमृता ने भी अंगद को बर्थडे विश किया है। हाल ही अपना जन्मदिन मनाने वालीं अमृता ने लिखा, हैप्पी बर्थडे स्पाईडी। मलाइका ने लिखा,हैप्पी बर्थडे अंगू। बता दें कि साल 2018 में अगंद ने अपने से दो साल बड़ी नेहा के साथ शादी रचाई थी। कपल के दो बच्चे एक बेटी और एक बेटा है। अंगद महान स्पिनर दिवंगत बिशन सिंह बेदी के बेटे हैं। अंगद पिछले साल 'घूमर' फिल्म के बाद हाल ही रिलीज हुई फिल्म 'फाइटर' में नजर आए हैं।

CMYK

सीएम विष्णुदेव साय की सदन में बड़ी घोषणा

# कोल परिवहन की एनओसी और परमिट अब से ऑनलाइन

## साय ने कहा...कोल परिवहन में भ्रष्टाचार से राज्य की छवि खराब हुई थी,पारदर्शिता और सुशासन हमारी प्राथमिकता



**रायपुर,07 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में कोल परिवहन के लिए अब से ऑनलाइन टीपी जारी होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा में इसकी घोषणा की है। साय ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान खनिज संचालक ने आदेश जारी कर ऑनलाइन परमिट की प्रचलित व्यवस्था को ख़त्म कर ऑफ़लाइन कर दिया था। इस वजह से कोल परिवहन में भ्रष्टाचार का समावेश हो गया। इससे राज्य की छवि ख़राब हुई। ईडी इस मामले की जांच कर रही है. खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक समेत कई अफसर जेल में हैं। विष्णुदेव साय ने कहा कि पारदर्शिता और सुशासन हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सदन में बताया कि खनिज विभाग द्वारा एक आदेश जारी हुआ था। संचालक के द्वारा 15 जुलाई 2020 को इस आदेश के द्वारा यह व्यवस्था दी गई थी कि खनिज सम्मिलित द्वारा ई परमिट का भौतिक सत्यापन करने के बाद ही इस ट्रांजिट पास किया जा सकेगा। इसके पहले जो ऑनलाइन प्रक्रिया थी,उसे बंद कर कर ऑफलाइन किया गया, जिसके कारण परिवहन में भी लेट होता था, और भ्रष्टाचार का भी समावेश हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयला परिवहन में भ्रष्टाचार हुआ था, छवि खराब हुई थी. ईडी उस पर जांच भी कर रही है. कई लोग, संचालक, माइनिंग ऑफिसर आज जेल के अंदर हैं. इससे प्रदेश की छवि खराब हुई। लेकिन आज मुझे बताते हुए गौरव हो रहा है कि हमारी सरकार पारदर्शिता, भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन को ध्यान में रखते हुए 15 जुलाई 2020 के कानून को निरस्त किया है, और अब ऑनलाइन टीपी जारी होगा।

इसके पहले सदन में राजेश मूणत ने कोयला परिवहन का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि खनिज विभाग के किस अधिकारी ने और किसकी सहमति से ऑनलाइन प्रक्रिया में संशोधन को हरी झंडी दी? कोल परिवहन के नाम पर अवैध वसूली का खेल चला। कौन-कौन अधिकारी जांच के घेरे में है, और क्या कार्रवाई हुई है? मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बगैर परिवहन पास प्राप्त किए परिवहन किया जा रहा था. संचालक आईएएस समीर विश्नोई ने 2020 में नये निर्देश दिए थे, जो जेल में है. एंटी करप्शन ब्यूरो में भी मामला विवेचनाधीन है। संबंधित मामले में ईडी भी जांच कर रही है।

किस वजह से ऑफलाइन की गई प्रक्रिया राजेश मूणत ने कहा कि ऐसी क्या वजह थी कि ऑनलाइन प्रक्रिया को ऑफलाइन किया गया? क्या डायरेक्टर ऑफलाइन करने के लिए अधिकृत हैं? क्या भार साधक मंत्री से अनुमति ली गई? 15 साल में नये-नये तरीके से भ्रष्टाचार किया गया. क्या ये केस सीबीआई को सौंपा जाएगा, और ऑफलाइन प्रक्रिया को ऑनलाइन करेंगे? सीएम ने कहा कि खनिज विभाग के संचालक ने सरकार से अनुमोदन नहीं लिया था. हमारी सरकार सुशासन के लिए संकल्पित है। मैं तात्कालिक संचालक की ओर से वर्ष 2020 में लिए गए फैसले को रद्द करता हूं।

### पिछले साल दायर किया था चार्ज शीट

तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार के दौरान कोयला ट्रांसपोर्टेशन में लेवी वसूलने के मामले की जांच ईडी कर रही है। मामले में पूर्व मुख्यमंत्री की उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया, निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई, रानू साहू, सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल और निखिल चंद्राकर जेल में बंद हैं. मामले में ईडी ने पहला चार्जशीट पिछले साल नौ दिसंबर को दायर किया था।

### कार्टेल ने किया 540 करोड़ का घोटाला

ईडी का दावा है कि छत्तीसगढ़ में करीब 540 करोड़ रुपये का कोयला घोटाला हुआ है। इस पैसे का उपयोग राजनीतिक खर्च, बेनामी संपत्तियों को बनाने और अधिकारियों को रिश्वत देने के लिए किया गया है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि छत्तीसगढ़ में कोल लेवी के लिए अधिकारियों, व्यापारियों और राजनेताओं का एक कार्टेल था, जो कोयला परिवहन के जरिए प्रति टन 25 रुपए की वसूली किया करता था।

## हसदेव में पेड़ों की कटाई पर हुआ हंगामा

### विपक्ष के विधायक हुए निलंबित

विधानसभा में आज हसदेव अरण्य में कटाई के मुद्दे पर खूब हंगामा हुआ। स्थगन अग्राह्य होने के बाद विपक्षी विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सभी विधायक गर्भगृह में पहुंच गये, जिसकी वजह से विपक्षी विधायक स्वयंमेव निलंबित हो गये। इससे पहले विपक्ष ने आज हसदेव अरण्य में कटाई पर स्थगन लाया। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने इस मुद्दे को उठाया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्थगन की ग्राह्यता पर चर्चा की अनुमति दी। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि नई सरकार बनने के पहले ही वन संरक्षक ने पेड़ काटने की अनुमति दे दी। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने शासकीय संकल्प पारित किया था, इसके बावजूद पेड़ों को काटा जाना बेहद गंभीर है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ये लोकहित का मुद्दा है, इसलिए विधानसभा के सभी कामों को रोककर स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराई जाये।वहीं स्थगन पर पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कौन सी अदृश्य शक्ति है जिसने बगैर आदेश पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गयी। कौन सी अदृश्य शक्ति है, जिसने बगैर आदेश तोड़फोड़ शुरू कर दिया। भूपेश बघेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में गोबर की खरीदी बगैर आदेश रोक दी गई। हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई रोका जाना चाहिए। भूपेश बघेल ने भी मांग की, इस विषय पर सभी काम रोककर चर्चा कराई जाए।ग्राह्यता पर चर्चा के बाद हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर लाये गये स्थगन को विधानसभा अध्यक्ष ने अग्राह्य कर दिया। सदन में विपक्षी सदस्यों ने नारे लगाये। हंगामे बीच सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गयी। लेकिन, हंगामा जारी रहा। हसदेव में कटाई में मामले में सदन में जोरदार हंगामा, नारेबाजी करते हुए विपक्ष के विधायक गर्भगृह में पहुंचे। गर्भगृह पहुंचकर विपक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। गर्भगृह में पहुंचने से विपक्ष के विधायक हुए निलंबित।

## सदन में गूंजा तेलीबांधा में डिवाइडर निर्माण का मुद्दा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र का आज तीसरा दिन है। प्रश्नकाल में जल जीवन मिशन, तेलीबांधा में डिवाइडर निर्माण जैसी मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। सदन में प्रश्नकाल में तेलीबांधा में डिवाइडर निर्माण का मुद्दा गूंजा है। विधायक अजय चंद्राकर ने डिप्टी सीएम अरुण साव से लागत, टेंडर और अनुमति को लेकर सवाल पूछा है। जिस पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने जानकारी दी कि नगर निगम की अनुमति के बगैर निर्माण किया गया है। एनएचएआई से भी अनुमति मिलने की कोई जानकारी नहीं है। निर्माण के लिए 200 लाख रुपए का टेंडर जारी किया गया है। डिप्टी सीएम अरूण साव संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में जांच करने की बात कही है।

विधायक धर्मजीत सिंह के जल जीवन मिशन की गड़बड़ी को लेकर सवाल किया। इस सवाल का जवाब देते हुए अरुण साव ने कहा कि ÷जल जीवन मिशन मोदीजी की महत्वाकांक्षी योजना है. छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन में प्रगति नहीं हुई। नई सरकार ने गंभीरता से काम शुरू किया, हम 33 वें नंबर से अब 24 वें नंबर पर आ गए हैं, तखतपुर में जो काम बचे हैं उन्हें भी पूरा कर लिया जाएगा।

## मरवाही वनमंडल में अनियमितता का मामला सदन में गरमाया

मरवाही वनमंडल के अंतर्गत अनियमितता का मामला सदन में उठा। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के सवाल के जवाब में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि ये पूरा मामला हमारे संज्ञान में आया है। सभी मामलों में जल्द से जल्द जांच पूरी कर कार्रवाई की जाएगी.नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत मामला उठाते हुए कहा कि लिखित जवाब में कहा गया है कि 72 प्रकरण जांच के लिए लंबित हैं.। लगभग 40 करोड़ रुपए की गड़बड़ी का आरोप है। ये मेहरबानी किसके लिए है. पुराने मुख्यमंत्री के लिए?, नये मुख्यमंत्री के लिए है?, या किसी और के लिए है? महंत ने कहा कि 2020 में सिर्फ़ छह शिकायतों की बात हुई थी. तब कहा गया था कि 15 दिनों में जांच कर ली जाएगी। इस प्रकरण में विभाग के अधिकारी उत्तरदायी हैं. ज़िम्मेदार कौन है? मेहरबानी किसके लिये की जा रही है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 79 मामले सामने आये थे। 7 मामलों में जांच प्रक्रियाधीन हैं। बाक़ी 72 मामलों में जांच आने वाले छह महीनों के भीतर कर ली जाएगी। 7 मामलों में 35 अधिकारियों को दोषी पाया गया है. बीजेपी विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि ये बहुत सेंसिटिव मामला है। मरवाही इकलौता वन मंडल था, जहां रेंजर और एसडीओ, डीएफ़ओ के पद पर बैठे थे. ये इतना बड़ा मामला है कि जांच के लिये दुबई तक जाना होगा। ईडी की तरह जांच विस्तृत करना होगा।

## विधायक देवेंद्र यादव को मिला हाईकोर्ट से नोटिस

**दुर्ग,07 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दुर्ग संभाग की भिलाई नगर विधानसभा सीट से भारतीय राष्ट्र कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव को एक चुनाव याचिका के संबंध में बुधवार को नोटिस जारी किया।



यह याचिका भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने अधिवक्ता शैलेन्द्र शुक्ला के माध्यम से दायर की है इस याचिका में देवेंद्र यादव के निर्वाचन को हलफनामे में संपत्ति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं आपराधिक मामले छिपाने के आधार पर चुनौती दी गई है। प्रेम प्रकाश पांडेय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ निर्मल शुक्ला को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय की एकल पीठ ने देवेंद्र यादव को नोटिस जारी करते हुए इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 20 मार्च तय की।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला,साउंड सिस्टम की होगी जांच

**बिलासपुर,07 फ रवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की सख्ती का अब प्रभावी असर देखने को मिलेगा। कोर्ट की नाराजगी और चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी शपथ पत्र के साथ मांगे जवाब का असर दिखाई दे रहा है। राज्य शासन ने प्रदेशभर के थानों को नाइस मीटर की आपूर्ति कर दी है। इसके जरिए अब कानफोड़ू डीजे सहित तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। इसके अलावा पुलिस अब कार्रवाई भी कर सकेगी।

छत्तीसगढ़ में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए राज्य शासन नाइस मीटर का इस्तेमाल करेगी। इस डिवाइस से डीजे और तेज आवाज वाले उपकरणों की जांच की जाएगी। जिससे पता चल सकेगा कि कितनी तीव्रता से बजाई जा रही है। अभी तक 50 से 60 डेसीबल ध्वनि पर बजाने की अनुमति है। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने तेज आवाज में बजने वाले डीजे और साउंड सिस्टम पर ऐतराज जताते हुए स्वत संज्ञान लिया है। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने राज्य शासन के मुख्य सचिव से शपथ पत्र में जवाब मांगा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण रोकने का आदेश दिया है। जिसका पालन करने के लिए शासन स्तर पर क्या प्रयास किए गए हैं। इसके अलावा



छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने भी जनहित याचिका के साथ हस्तक्षेप याचिका दायर की है। जिसमें बताया कि शासन ने चार नवंबर 2019 को हर साउंड सिस्टम और पब्लिक एड्रेस सिस्टम में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए साउंड लिमिटर लगाना अनिवार्य किया है। बीते दिनों सुनवाई के दौरान कोर्ट को इस बात की जानकारी दी गई है कि कोर्ट के निर्देश का गंभीरतापूर्वक परिपालन नहीं किया जा रहा है। नियमों का पालन नहीं करने पर हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से शपथपत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। अधिसूचना के अनुसार कोई भी निर्माता, व्यापारी, दुकानदार, एजेंसी, ध्वनि सिस्टम या पब्लिक एड्रेस सिस्टम को बिना साउंड लिमिटेड (ध्वनि सीमक) के विक्रय, क्रय, उपयोग या इंस्टाल नहीं कर सकता और न ही किराए पर दे सकता है। पुलिस अधिकारी, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत, पंचायत यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी सरकारी या गैर सरकारी कार्यक्रम में ध्वनि अवरोधक लगाए बिना कोई भी साउंड सिस्टम नहीं लगाया जाएगा या किराए पर नहीं दिया जाएगा।

### 24 फरवरी को जनहित याचिका पर होगी सुनवाई

शासन की अधिसूचना देखने के बाद डिवीजन बेंच ने कहा था कि नियम कागजों तक सीमित है। कोर्ट ने मुख्य सचिव से शपथ पत्र मांगा है कि इस अधिसूचना का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी। हाई कोर्ट की सख्ती के बाद राज्य शासन ने ध्वनि प्रदूषण पर रोकने सभी जिलों को नाइस मीटर दिया है। इसे संबंधित थानों में उपलब्ध कराया गया है। इस डिवाइस के माध्यम से पुलिस आसानी से जान सकेगी कि किसी भी आयोजन में बजने वाला साउंड सिस्टम कितनी आवाज में बज रहा है। तय पैमाने से अधिक आवाज होने पर मीटर तत्काल बताएगा और कार्रवाई करने में आसानी भी होगी।

### इस अधिनियम में है जुर्माने का प्रविधान

अधिसूचना पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत जारी की गई है। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के तहत बने नियमों का उल्लंघन करने पर 5 साल की सजा या 1 लाख का फाइन या दोनों लगाया जा सकता है। अगर नियमों का उल्लंघन जारी रहता है, तो प्रतिदिन 5000 रुपये जुर्माना लगाया जा सकता है।

## 20 साल बाद अब खाली होगा पूर्व सीएम अजीत जोगी का सागौन बंगला



**रायपुर,07 फ रवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी को आबंटित सागौन बंगला 20 साल बाद खाली होने जा रहा है। जोगी के पद से हटने के बाद उन्हें शासकीय बंगले का आवंटन किया गया था। उस समय उनके लिए कई शासकीय बंगले सुझाए गए, लेकिन उनके पुत्र अमित जोगी की जिद पर सागौन बंगला आवंटन किया गया। अजीत जोगी के निधन के बाद सागौन बंगले को खाली करने के कई प्रयास हुए लेकिन सागौन बंगला को खाली नहीं कराया जा सका।प्रदेश में अब नई सरकार आने के बाद संपदा विभाग ने एक बार फिर नोटिस जारी कर तत्काल बंगला खाली करने कहा था। इस बीच डॉ. रेणु जोगी ने संपदा संचालक को पत्र लिखकर 2 माह का फिर समय मांगा है। उन्होंने कहा है कि उनका नया बंगला सिविल लाइंस में बन रहा है, वहां का काम पूरा होते ही इसे खाली कर देंगे।

सागौन बंगला पीडब्ल्यूडी के जोन कार्यालय के पास कटोरा तालाब में सड़क किनारे स्थित है। बताया जाता है कि सागौन बंगले को शुभ नहीं मानते थे, इसी कारण अफसर और कई मंत्री कभी इस बंगले में नहीं रहना चाहते थे। 2003 में मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी भी इस बंगले से दूर रहना चाहते थे, पर अमित जोगी की जिद पर इस बंगले में शिफ्ट हुए। तब से लेकर अब तक जोगी परिवार यहां पर निवास कर रहा था।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर मस्कट में बंधक महिला मुक्त

### जिन लोगों ने आपको धोखा दिया, उस मामले की तह पर जाकर दोषियों पर करेंगे कार्रवाई

**रायपुर,07 फरवरी 2024(ए)।** परित्राणाय साधुनाम, गीता के इस वाक्य को छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपना ध्येय वाक्य रखा है। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा छत्तीसगढ़ में ही नहीं, छत्तीसगढ़ के बाहर विदेशों में भी फंसे लोगों की मदद के लिए पहल कर इस वाक्य को चरितार्थ कर रहे हैं। मस्कट में बंधक बनाई गई खुर्सीपार निवासी जोगी दीपिका के मामले में ओमान स्थित इंडियन एम्बैसी से उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने लगातार संपर्क किया। त्वरित की गई कार्रवाई के पश्चात दीपिका को सुरक्षित एम्बैसी लाया गया।

ओमान में इंडियन एम्बैसडर से उपमुख्यमंत्री लगातार संपर्क में रहे। विधानसभा से भी वे लगातार इस मामले पर अपडेट लेते रहे। उन्होंने बंधक बनाई गई महिला से बातचीत भी की। उन्होंने दीपिका से सबसे पहले हालचाल पूछा। दीपिका ने बताया कि अभी बिल्कुल सुरक्षित हूँ। मस्कट की एम्बैसी में आ गई हूँ। श्री शर्मा ने कहा कि आप बिल्कुल चिंता मत करिये। आपके आने की व्यवस्था हम करेंगे। आप मेरा नंबर रख लीजिए। आप छत्तीसगढ़ आने के बाद मुझे फोन करिये और आप अपने साथ मस्कट में हुए वाकये के बारे में बताइये।



आपको जिन लोगों ने धोखा दिया, उस मामले की तह में जाकर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले की निवासी जे. मुकेश ने पुलिस को आवेदन दिया कि उनकी पत्नी खुर्सीपार निवासी जोगी दीपिका नामक महिला को घरेलू काम दिलाने के बहाने हैदराबाद निवासी अब्दुल्ला नामक व्यक्ति ने ओमान देश की राजधानी मस्कट निवासी हाफिजा के घर गत वर्ष मई 2023 में भेजा था जहां जोगी दीपिका को बंधक बनाकर रखा गया था तथा दीपिका का पासपोर्ट , वीजा संबंधित सारे दस्तावेज़ भी रख लिए गए थे तथा उसे भारत वापस भेजने रकम की भी मांग की जा रही थी। यह विषय जैसे ही उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के संज्ञान में आया। उन्होंने स्वतः पहल करते हुए पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## ईओडब्ल्यू ने कई कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ दर्ज किया एफआईआर

**रायपुर,07 फ रवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के चर्चित पीएससी घोटाले में बड़ा एक्शन हुआ है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने टामन सोनवानी, जीवन किशोर ध्रुव सहित कई कांग्रेसी नेताओं पर एफआईआरदर्ज की है। भाजपा विधायक ननकी राम कंवर ने पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत ईओडब्ल्यू से की थी, जिसके बाद अब लोक सेवा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी व तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव के खिलाफ एफआइआर दर्ज किया गया है।सीएम साय ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि कांग्रेस शासन काल में छत्तीसगढ़ लोक सेवा




आयोग (सीजीपीएससी) के खिलाफ करीब दो वर्षों में 48 शिकायतें हुई हैं। ये शिकायतें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राज्य गृहमंत्री और मुख्य सचिव तक पहुंची है। अधिकांश शिकायतें राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से की गई है। इनमें रिश्तेदारों को नौकरी देने से लेकर परीक्षा में अनियमितता व भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा, परिणाम में गड़बडी, पक्षपातपूर्ण कार्य के आरोप लगाए गए हैं। गौरतलब है कि 2021 में पीएससी ने 20 सेवाओं के लिए 171 पदों पर नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इसके लिए 1 लाख से अधिक युवाओं ने परीक्षा दिया। लेकिन मुख्य परीक्षा के लिए केवल 2565 युवाओं का चयन हुआ। इसके बाद 2022 में 26 मई से 29 मई के बीच मुख्य परीक्षा हुई। इसमें 509 युवाओं को इंटरव्यू के लिए चयन किया गया था।

## राज्यपाल हरिचंदन ने की लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात

**रायपुर,07 फरवरी 2024(ए)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज नई दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात कर उन्हें भारत रत्न सम्मान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने उन्हें पुष्पगुच्छ और रामलला की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने स्मरण करते हुए कहा कि आडवाणी के साथ उनके घनिष्ठ संबंध रहे है और उनके सार्वजनिक जीवन के सफर के दौरान आडवाणी जी से महत्वपूर्ण सलाह मिलती थी। राज्यपाल ने कहा कि आडवाणी के मार्गदर्शन में ओडिशा राज्य समृद्ध हुआ और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ा।





## 6 नक्सली किए गए गिरफ्तार

**कांकेर,07 फ रवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों के आतंक के बीच फोर्स को मिली बड़ी सफलता हाथ लगी है। दरअसल कांकेर जिले से छह कथित माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार नक्सली प्रतिबंधित संगठन के पक्ष में पोस्टर और बैनर लगाने का काम करते थे ताकि लोगों को प्रभावित किया जा सके।पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर मंगलवार को अंतगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवगांव के नजदीक पुलिस के दस्ते ने इन्हें तब पकड़ लिया जब वे अमागांव से अंतगढ़ कस्बा जा रहे थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)